हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026

**तापमान**

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 21.3 डिग्री

12 रायपुरा चौक से रिंग रोड तक 2 किलोमीटर...



12 लंग्स के गंभीर मरीजों को मिलेगी एडवांस सुविधाएं...



# ग्रहण की शुरुआत चंद्रोदय के पूर्व, इसलिए दिखेगा केवल अंतिम दृश्य, 30 वर्ष बाद होली पर शनि अपने ग्रह में

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस वर्ष का पहला चंद्रग्रहण आज दृश्य होगा। सोमवार को होलिका दहन होने के बाद भी ग्रहण के कारण आज रंग नहीं खेला जाएगा। यह एक ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण होगा, जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखेगा। चंद्रग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:46 बजे तक रहेगा। ग्रहण का प्रारंभ भारत के किसी स्थान में दिखाई नहीं देगा, क्योंकि चंद्रोदय होने से पूर्व ग्रहण प्रारंभ हो जाएगा। खग्रास चंद्रग्रहण का मोक्ष भारत के सुदूर पूर्वी भागों में दिखाई देगा। देश के बाकी हिस्सों में खंड चंद्रग्रहण का मोक्ष ही दिखाई देगा। तीन मार्च को चंद्रोदय शाम 06:12 बजे पर होगा। तीन मार्च को सूतक प्रातः 09:20 बजे से शाम 06:46 बजे तक रहेगा। यह ग्रहण पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर और अमेरिका में दिखाई देगा। चंद्रोदय के समय ग्रहण का अंत रूस, कजाकिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, श्रीलंका, मालदीव और हिंद महासागर में दिखाई देगा। यह ग्रहण सूर्य की राशि सिंह और पूर्वा फागुनी नक्षत्र में लगेगा।

## सूर्य की राशि सिंह और पूर्वा फागुनी नक्षत्र में लगेगा वर्ष का प्रथम चंद्रग्रहण

### सुख-समृद्धि लाने वाले योग

कई वर्षों बाद होली में धन शक्ति, मालव्य और लक्ष्मी नारायण जैसे अद्भुत योग बन रहे हैं, जो सुख-समृद्धि लाएंगे। सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य राजयोग और सूर्य-शुक्र की युति से शुक्रादित्य राजयोग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, मालव्य योग और शुक्र मीन राशि में होने से सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। 30 साल बाद शनि का संयोग भी बन रहा है। शनि देव 30 साल बाद अपनी स्वराशि कुंभ में मौजूद रहेंगे। वहीं गुरु का गोचर भी होगा। देवगुरु बृहस्पति 12 साल बाद अपनी स्वराशि मीन में विराजमान होंगे। कुंभ राशि में शनि, सूर्य और बुध की युति से अमृत सिद्धि योग जैसे शुभ फलों की प्राप्ति होगी।

धन शक्ति मालव्य और लक्ष्मी नारायण जैसे अद्भुत योग



### ढंकी जाएंगी देव प्रतिमाएं

सूतक लग जाने पर ईश्वर की मूर्ति को स्पर्श करना, भोजन करना, यात्रा आदि करना वर्जित है। सूतक काल लगते ही मंदिर की देव प्रतिमाओं को कुश के वस्त्रों से ढक दिया जाएगा। देवी-देवताओं को भी रंग बुधवार को ही लगाया जाएगा। हाटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पं.सुरेश गिरी गोस्वामी ने कहा, गर्भवती, बच्चे, वृद्ध और रोगी अति आवश्यक होने पर भोजन ले सकते हैं। भोजन सामग्री जैसे दूध, दही, घी इत्यादि में कुश या तुलसी का पत्ता रख देना चाहिए। ग्रहण मोक्ष के बाद पीने का पानी ताजा ले लेना चाहिए। कुछ आध्यात्मिक उपाय भी इस समय लाभकारी माने जाते हैं। ग्रहण के दौरान ओम नमः शिवाय या इष्ट देव का स्मरण, मंत्र जप और विशेष रूप से चंद्र से संबंधित मंत्रों का उच्चारण सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाला माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण पुलिस ने की 22 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** होली पर्व को ध्यान में रखते हुए रायपुर ग्रामीण पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 22 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई ग्रामीण एसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देश पर की है। ग्रामीण पुलिस ने अभियान चलाकर थाना खरोरा से 10 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। आरंग से तीन तथा माना और राखी थाना क्षेत्र से क्रमशः छह तथा तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में टिकरापारा थाना क्षेत्र के एक युवक को गिरफ्तार किया है। महादेवघाट निवासी अश्वनी तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने मठपुरैना निवासी विनय देवदास को गिरफ्तार किया है। अश्वनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 फरवरी को वह अपनी बाइक से नहरपारा, झूलेलाल चौक स्थित ओम इंटरप्राइजेस गया था। इस दौरान अज्ञात चोर ने बाइक का हैंडल लॉक तोड़कर चोरी कर ले गया।

### जमीन-खरीदी बिक्री के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** कोतवाली थाने में एक व्यक्ति ने एक अन्य के खिलाफ जमीन खरीदी-बिक्री के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फत्तेशाह मार्केट, नेहरूनगर निवासी मोहम्मद इकबाल खान ने अब्दुल मुजीद खान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। इकबाल ने पुलिस को बताया है कि जमीन खरीदी-बिक्री के विवाद में मुजीद ने उसके साथ मारपीट की।

### गुपचुप खाने गई युवती के साथ मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना में एक युवती ने दो अज्ञात लड़कों के खिलाफ छेड़खानी तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आकाशवाणी उत्कल नगर निवासी 28 वर्षीय युवती ने छेड़खानी तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया है कि वह मैग्नेटो मॉल में काम करती है। अपनी सहेली के साथ मैग्नेटो मॉल के नीचे गुपचुप खाने गई थी। इस दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पास पहुंचे और उन पर कमेंट्स करते हुए पहचानने की बात कही। इस बीच एक लड़के ने युवती को प्यार करने की बात कही। विरोध करने पर अज्ञात लड़के ने युवती के गाल पर तमाचा मार दिया। दोनों युवक बाइक सीजी-04 एन-3037 पर आए थे।

### कैफे में चंगाई सभा, चार के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने हिंदू संगठन की शिकायत पर कैफे में आयोजित चंगाई सभा में बेरोजगार युवक, युवतियों को धर्म परिवर्तन करने की शर्त पर प्राइवेट नौकरी देने की लालच के मामले में चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। हिंदू संगठनों की शिकायत पर पुलिस ने सैफीन, आमीन, उदय तथा श्रीकांत को गिरफ्तार किया गया है। चंगाई सभा का आयोजन डिवाइन कैफे में किया गया था। चंगाई सभा में सौ से डेढ़ सौ के करीब लोग शामिल हुए थे।

## चार घंटे शाम पांच से रात नौ बजे तक आवाजाही पर रोक

# जाम से राहत, स्टेशन रोड पर शाम को चार घंटे छोटे मालवाहकों की आवाजाही बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलघानी नाका, स्टेशन रोड में छोटी मालवाहक गाड़ियों की वजह से शाम के समय बेवजह जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने स्टेशन रोड से सटे क्षेत्र में शाम पांच से रात नौ बजे तक सभी तरह के छोटे मालवाहक वाहन की आवाजाही पर रोक लगाने आदेश जारी किया है। स्टेशन रोड में शाम के समय आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है, इसके चलते स्टेशन आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

- तेलघानी नाका के पास तीन सौ से ज्यादा गैरेज संचालित

पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक शहर की बढ़ती आबादी से प्रत्येक मार्ग में यातायात का दबाव पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गया है। शहर के यातायात के सुचारू संचालन तथा जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारी माल वाहक गाड़ियां शहर के भीतर सुबह 5:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। थोक अनाज मंडी भले ही डूमरतराई में शिफ्ट हो गया है, लेकिन माल-लोडिंग का पाइंट अब भी शहर के अंदर संचालित हो रहा है। स्टेशन रोड के आसपास तीन सौ के करीब गैरेज संचालित हो रहे हैं।



### इन प्रमुख छह मार्गों पर हल्के मालवाहक वाहन पर प्रतिबंध

स्टेशन रोड से सटे जिन मार्गों में शाम पांच से रात नौ बजे तक हल्के माल वाहक वाहनों पर आवाजाही करने रोक लगाई गई है, उनकी संख्या छह है। जिन मार्गों में रोक लगाई गई है, उनकी सूची इस प्रकार है-

- अग्रसेन चौक से भैंसथान मार्ग, तेलघानी नाका चौक
- राठौर चौक से तेलघानी नाका चौक
- फाफाडीह चौक, स्टेशन चौक, तेलघानी नाका चौक
- चुना भट्ठी से गुढ़ियारी अंडर ब्रिज नर्मदा पारा होकर स्टेशन चौक निकास गेट तक
- कर्मा चौक रामनगर से रामनगर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज होकर तेलघानी नाका चौक
- नहरपारा संजय गांधी चौक से स्टेशन रोड गुरुद्वारा की ओर


### इन व्यस्त इलाकों में गैरेज का संचालन

*शहर के जिन व्यस्त मार्गों में गैरेज संचालित किया जा रहा है, उनमें केलकर पारा, तेलघानी नाका चौक, गंज मंडी, भैंसथान, नाहरपारा, अग्रसेन चौक, स्टेशन रोड नर्मदा पारा का इलाका शामिल है। इन इलाकों में संचालित गैरेज में माल छोड़ने तथा ले जाने हल्के माल वाहक गाड़ियों का उपयोग किया जाता है। माल लाने ले जाने का काम शाम पांच बजे से शुरू होता है। इसके चलते शाम के समय इस मार्ग में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है।*

### गैरेज को शहर से दूर रखने करना होगा इंतजाम

*शाम के समय चार घंटे के लिए हल्के मालवाहक गाड़ियों की स्टेशन रोड तथा उससे सटे क्षेत्र में आवाजाही पर रोक लगाने का आदेश फौरी तौर पर राहत है। ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने क्षेत्र में संचालित गैरेज को शहर से आउटर में शिफ्ट करने से ही स्टेशन रोड में लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। क्षेत्र में छोटी मालवाहक गाड़ियों के दबाव का असर फाफाडीह चौक तक देखने को मिलता है।*

## नमीयुक्त हवा बढ़ा रही बेचैनी राजनांदगांव 36 डिग्री के पार दुर्ग के बाद रायपुर का नंबर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिस्टम के प्रभाव से राज्य में आने वाली नमीयुक्त हवा बेचैनी बढ़ा रही है। पिछले चौबीस घंटे में राजनांदगांव का पारा 36 डिग्री के पार हो गया। इसके बाद दुर्ग और फिर रायपुर का नंबर रहा। आने वाले दो दिनों में तापमान बढ़ने की वजह से होली खेलने के दौरान गर्मी परेशान कर सकती है। अभी प्रदेश में गर्मी अपनी सामान्य स्थिति में है।

राज्य में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा के प्रवेश से दिन के साथ रात का पारा चढ़ रहा है। इसकी वजह से दिन में तेज धूप के साथ रात में भी बढ़ती गर्मी का प्रभाव नजर आने लगा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक के वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से दिन में असहजता बढ़ती जा रही है। अगले तीन से चार दिन यानी होली के दौरान भी इसी तरह का प्रभाव रहने की उम्मीद है। सोमवार को राजनांदगांव के लिए लोगों 36 डिग्री की गर्मी महसूस की वहीं दुर्ग का पारा 35.5 तथा रायपुर 35.2 तक पहुंचा। राज्य के मौसम में 15 मार्च तक उतार-चढ़ाव की संभावना ज्यादा होती है, इसके बाद गर्मी बढ़ने का दौर शुरू होता है और राज्य का पारा अंतिम दिनों तक 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। छत्तीसगढ़ के लिए अप्रैल और मई का महीना गर्मी का पीक माना जाता है।

- होली खेलने के दौरान परेशान कर सकती है गर्मी

## होली जांच पर निकली एफडीए टीम के हाथ लगा 2.30 लाख का शहद नकली होने के संदेह में किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली के दौरान खाद्य पदार्थों की जांच के लिए निकली खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बस स्टैण्ड में नकली होने के संदेह में शहद जब्त किया है। बिहार की महिला 37 कंटेनरों में शहद भरकर रायपुर पहुंची थी, जिसकी कीमत 2.30 लाख रुपए आंकी गई है। शहद की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिए गए हैं। वहीं त्योहार के मद्देनजर बाजार से मिठाई, खोवा, पेड़ा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के 20 से ज्यादा लीगल सैंपल लिए गए हैं।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को सूचना मिली थी कि एक महिला बस से उतरी है, जिसके पास काफी मात्रा में कंटेनर है। टीम ने जाकर नूरजहां खातून नामक महिला से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह हजारीबाग की रहने वाली है शहद बेचने यहां आई है। 37 कंटेनरों में करीब साढ़े पांच सौ लीटर शहद देखकर संदेह हुआ। ⏭ शेष पेज 11 पर

- बिहार से बस में लेकर आई थी महिला, 37 कंटेनर में भरा पांच सौ से ज्यादा लीटर शहद
- मिठाई, खोवा, पेड़ा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के उठाए गए 20 से ज्यादा लीगल सैंपल

### पान दुकानों से जब्त हुआ गुटखा

जांच टीम इस अपने अभियान के दौरान जय दुर्गा पान मसाला से पान पसंद के 15 पैकेट, पान राज 62 पैकेट और सितार के 53 पैकेट जब्त किया। जिसका अनुमानित मूल्य 26000 हजार रुपए आंका गया है। करीब बीस दिन पहले खमतराई इलाके के रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर में 170 बोरी प्रतिबंधित सितार गुटखा बरामद किया गया था। इसकी अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए आंकी गई थी। मामले में एक खिलाफ खिलाफ ने पुलिस में एफआईआर भी कराई गई थी।

### दोसा, स्टीम राइस, ब्रेड भी जांच के दायरे में

*खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने कैफे बेंगलुरु से मसाला दोसा, न्यू नाईस बेकरी से नाइस ब्रेड के अलावा अन्य दुकानों से नारियल चटनी, छोले और भटोरे, रोज ड्राई फूटस लड्डू, रेड खजूर, वेज सैंडविच का निगरानी नमूना लिया गया। इसी तरह चलित खाद्य प्रायोगशाला से 94 खाद्य नमूना संग्रहित कर मौके पर परीक्षण किया गया। जिसमें 87 नमूने मानक, 05 नमूने अमानक एवं 02 नमूने मिथ्याछाप पाये गये।*

## इग्नू ने दूसरी बार बढ़ाई प्रवेश तिथि, अब 15 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सेशन के लिए आवेदन की लास्ट डेट बढ़ा दी है। पहले आवेदन करने की लास्ट डेट 28 फरवरी तय थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 मार्च 2026 कर दिया गया है। ये एक्सटेंशन सिर्फ और सिर्फ ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए है। सर्टिफिकेट और सेमेस्टर बेस्ड कोर्स पर ये एक्सटेंशन लागू नहीं होगा। जिन अभ्यर्थियों ने पहले आवेदन नहीं किया था, वे अब आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन कोर्सेज के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैंडिडेट्स को सलाह दी गई है कि वे लास्ट ⏭ शेष पेज 11 पर

### टर्म-एंड एग्जाम 1 जून से

इसके अतिरिक्त इग्नू ने जून 2026 टर्म-एंड एग्जाम के लिए टेंटेटिव डेट शीट जारी कर दी है। इस संबंध में एक ऑफिशियल नोटिस जारी किया गया है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर शेड्यूल को चेक कर सकते हैं। जारी किए गए नोटिस ⏭ शेष पेज 11 पर

## आंबेडकर और डीके हास्पिटल में 24 घंटे की इमरजेंसी, स्वास्थ्य केंद्रों में 48 घंटे विशेष इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली त्योहार के दौरान आंबेडकर और डीके हास्पिटल में बुधवार को 24 घंटे की इमरजेंसी रहेगी। ओपीडी का अवकाश होने के कारण आने वाले मरीजों को ट्रामा एंड इमरजेंसी में उपचार प्रदान किया जाएगा। वहीं जिला अस्पताल समेत स्वास्थ्य केंद्रो में 48 घंटे का विशेष इंतजाम किया गया है। अस्पतालों में इस दौरान तमाम जरूरी दवाओं ⏭ शेष पेज 11 पर

- ओपीडी का अवकाश, ट्रामा के भरोसे रहेंगे मरीज, एंबुलेंस की तैनाती भी



### हेल्थ सेंटर नहीं छोड़ने के निर्देश

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि छुट्टी के दिन डाक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्हें इस बात का स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि ड्यूटी के दौरान वे बिना सूचना कि स्वास्थ्य केंद्रों से बाहर नहीं जाएंगे। इसके अलावा मरीजों की स्थिति को देखते हुए इलाज के साथ हायर सेंटर रेफर करने में लापरवाही नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि होली के दौरान रंग-गुलाल खेलने के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरते और इससे आंख और शरीर के नाजुक हिस्सों को बचाएं।

### डीकेएस रेफर करने अस्पताल का एंबुलेंस

आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने बताया कि आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को अगर इलाज के लिए डीकेएस के सुपर स्पेशलिटी विभागों की जरूरत पड़ती है तो उन्हें रेफर करने के लिए चौबीस घंटे वहां एंबुलेंस तैनात रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी अप्रिय घटना के शिकार होकर आने वाले मरीजों को त्वरित उपचार की सेवा प्रदान की जाएगी। डीके अस्पताल में इमरजेंसी के दौरान अन्य विभागों के साथ न्यूरो सर्जरी विभाग के डाक्टरों के तैनाती विशेष रूप से की गई है।

## मामला प्रो.जेएन पांडेय विद्यालय का, बुलानी पड़ी फायर ब्रिगेड

# गजब... अंदर चल रही थी 12वीं की परीक्षा बाहर लगा दी आग, धुएं के बीच हल किए पर्चे

*गणित संग कंप्यूटर एप्लिकेशन, भारतीय संगीत तथा चित्रकला की थी परीक्षा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रो.जेएन पांडेय विद्यालय में परीक्षा दिलाने पहुंचे छात्रों को धुएं के बीच पर्चे हल करने पड़े। सोमवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बारहवीं कक्षा की परीक्षा रखी गई थी। मुख्य परीक्षा गणित विषय की थी। इसके अतिरिक्त कला व वाणिज्य संकाय के छात्रों के लिए कंप्यूटर एप्लिकेशन, भारतीय संगीत तथा चित्रकला की भी परीक्षा रखी गई। परीक्षा प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुई तथा दोपहर 12.15 मिनट तक चली। इसी दौरान शाला प्रांगण में एकत्र किए गए सूखे पत्तों में आग लगा दी गई। देखते ही देखते यह आग बढ़ गई और इससे उठने वाला धुआं परीक्षा कक्ष तक पहुंच गया। आनन-फानन में फायर बिग्रेड को बुलाया गया और आग बुझाई गई। हालांकि तक विद्यार्थियों को लगभग एक घंटे तक धुएं का सामना करना पड़ा। गणित विषय का प्रश्नपत्र होने के कारण कुछ विद्यार्थियों ने धुएं के कारण ध्यान भटकने और समय में कमी की भी शिकायत की। वहीं कुछ छात्रों ने खांसते हुए पर्चे हल किए।



### जांच करवाते हैं

मामला संज्ञान में आया है। हम पता करवाते हैं कि ऐसा क्यों किया गया। दोष सिद्ध होने पर जांच के बाद उचित कार्रवाई करेंगे।

**- हिमांशु भारतीय,** जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### दिए गए हैं निर्देश

गौरतलब है, परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व शाला प्राचार्यों, केंद्राध्यक्षों की विभिन्न स्तर पर बैठक हुई थी। इसमें उन्हें परीक्षा कार्य के दौरान छात्रों की सुविधाओं का ध्यान रखने और केंद्र में विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए गए थे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा भी केंद्राध्यक्षों की बैठक ली गई थी तथा जिला स्तर पर भी प्राचार्यों को निर्देश मिले थे। बैठक में दिए गए निर्देशों पर विशेष ध्यान ना देते हुए आग लगा दी गई। माशिम तथा जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग और नकल प्रकरण की जांच के लिए उड़नदस्ते भी गठित किए गए हैं। इसके उपरांत भी परीक्षार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

**खबर संक्षेप**

## खाड़ी देशों में राज्य के 150 से अधिक नागरिक फंसे

**रायपुर।** युद्ध के चलते खाड़ी देशों में फंसे प्रदेश के नागरिकों की घर वापसी की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध के चलते खाड़ी देशों में छत्तीसगढ़ के 150 से अधिक नागरिक फंसे हुये है। राज्य सरकार, केंद्र सरकार एवं विदेश मंत्रालय से छत्तीसगढ़ के इन नागरिकों के सकुशल वापसी की तुरंत व्यवस्था करे। उन्होंने कहा, अभी खाड़ी देशों में स्थिति ठीक नहीं है। प्रदेश के नागरिक जो खाड़ी देश मे काम काज के लिए गये है, वो भारी तनाव में है, उनके परिजन भी चिंतित है। युद्ध के चलते हवाई सुविधा रद्द कर दी गई है ऐसे में उनकी सुरक्षित घर वापसी को लेकर परिजन भी चिंतित है। ऐसे कठिन समय में राज्य सरकार को प्रदेश के नागरिकों की सकुशल घर वापसी के लिए केंद्र सरकार से पहल करनी चाहिए।

# असम-बंगाल में प्रदेश के भाजपा नेता बहा रहे पसीना होली पर एक दिन के लिए आकर फिर लौटेंगे

**अरुण साव, तोखन साहू, ओपी चौधरी, विजय बघेल को असम में एक-एक लोकसभा क्षेत्र की पूरी कमान**








हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

असम और बंगाल में इस साल अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को जहां असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को वहां पर दस विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी कोकराझार लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा दुर्ग के सांसद विजय बघेल को भी दस विधानसभाओं की कमान सौंपी गई है। इधर प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल में 56 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे लगातार वहां पर डटे हुए हैं। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को दुर्गापुर लोकसभा की सात विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। वे लगातार वहां का दौरा कर रहे हैं। इस समय भी वे वहां पर हैं। प्रदेश के नेता होली के लिए महज एक दिन के लिए आएंगे और फिर वापस लौट जाएंगे। बंगाल में भाजपा की परिवर्तन चल रही है।

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का दो बार दौरा करके लौटने के बाद विधानसभा सत्र के होली के लिए स्थगित होने के बाद तुरंत असम चले गए हैं। इस समय वे वहां पर लगातार अपने जिम्मे वाली विधानसभाओं में जुटे हुए हैं। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को डिब्रूगढ़ लोकसभा की दस विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे भी इस समय वहां पर हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को 10 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। वे भी इस समय वहां पर डटे हुए हैं। उनके होली में वापस आने की संभावना कम है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी असम में एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे भी वहां पर थे, वे वहां से लौट आए हैं। अब वे होली के बाद फिर से जाएंगे।

### बंगाल में पवन राजेश बहा रहे पसीना

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पर बड़ा भरोसा जताते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया है। वे वहां का बीते साल दिसंबर से लगातार दौरा कर रहे हैं। इस समय वे वहां पर डटे हुए हैं। उनकी जिम्मे वाली विधानसभाओं में परिवर्तन यात्राएं चल रही हैं। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को दुर्गापुर लोकसभा की सात विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे भी विधानसभा का सत्र स्थगित होते ही बंगाल चले गए हैं। वे होली के लिए वापस आएंगे और फिर वे पांच मार्च को वापस जाएंगे। उनके जिम्मे वाली विधानसभाओं में 6 से 12 मार्च तक लगातार परिवर्तन यात्रा होगी।

# राज्यसभा चुनाव : कांग्रेस में पहले दौर की बैठक में कई नाम उभरकर आए

**राहुल-खड़गे ने भूपेश से की अलग से चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीट के लिए चुनाव होना है। कांग्रेस संभवतः मंगलवार को प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर सकती है। प्रदेश के राज्यसभा की 2 रिक्त सीट के लिए 5 मार्च तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। विधानसभा सचिवालय में नामांकन जमा होना है। कांग्रेस और भाजपा की ओर से अब तक किसी ने भी नामांकन पत्र नहीं लिए हैं। विधानसभा सदस्यों की संख्या बल के आधार पर कांग्रेस और भाजपा को एक-एक सीट मिलना तय है। चुनाव निर्विरोध होने के आसार हैं।

■ आज नामों की हो सकती है घोषणा

बताया गया कि दोनों ही दलों में प्रत्याशी चयन के लिए मंत्रणा चल रही है। कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर स्थानीय स्तर पर कोई बैठक नहीं हुई है। मामला केंद्रीय चुनाव समिति पर छोड़ दिया गया है। रविवार को एआईसीसी में बैठक हुई थी। बैठक में प्रदेश से पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी थे। बैठक के बाद खडगे और राहुल की भूपेश बघेल से अलग से बात हुई है। सूत्रों के मुताबिक चार प्रमुख नेता जोर लगा रहे हैं, इनमें पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया, अमरजीत भगत के अलावा मोहन मरकाम, डॉ. प्रेमसाय सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू भी हैं। कांग्रेस से 21 नाम उभरकर सामने आए हैं, जो कि हाईकमान के समक्ष अपनी दावेदारी कर चुके हैं। खबर है कि पार्टी स्थानीय को ही प्रत्याशी बना सकती है, इसमें पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और मौजूदा राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम के नाम पर गंभीरता से चर्चा हुई है। प्रत्याशी की घोषणा आज-कल में हो सकती है।

**दो दिन का समय**

राज्यसभा के लिए नाम आने से पूर्व जो नाम उभर का सामने आएं हैं उनमें से अधिकांश नेताओं ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। नामांकन दाखिले के पूर्व दास्तावेज तैयार करने में लगे हैं। होली के चलते नामांकन के लिए केवल मंगलवार और गुरुवार का समय ही मिलेगा। ऐसे में प्रारंभिक तैयारी पूरी करने में लगे हैं।

### चुनाव का ऐसा होगा फॉर्मूला

नियम के अनुसार, रिक्त सीटों की संख्या में एक जोडक़र विधायकों की संख्या से विभाजन किया जाता है। आए नतीजों में फिर एक जोडक़र न्यूनतम वोटरों की संख्या तक की जाती है। इसे छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा सदस्य के हिसाब से समझें तो 2 राज्यसभा सीट में 1 जोडऩे पर 3 संख्या प्राप्त होती है। अब विधायकों की कुल संख्या यानी 90 में 3 से भाग देने पर भागफल 30 आएगा। इसमें फिर 1 जोडऩे पर 31 होगा यानी प्रत्याशी को जीत के लिए कम से कम 31 विधायकों का समर्थन चाहिए।




# शुभ मुहूर्त में दर्जनों स्थान पर होली जलाई गई, मंगल नहीं बुधवार को होगा रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

होली का त्योहार जितना रंगों के लिए खास होता है, उतना ही महत्वपूर्ण होलिका दहन भी माना जाता है.सोमवार की रात होलिका दहन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया । शहर में लगभग तीन दर्जन स्थानों पर होलिका दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में लोगों ने पारंपरिक पूजा अर्चना के बाद होलिका जालाई।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, फाल्गुन पूर्णिमा की शाम को होलिका दहन किया जाता है. यह बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जहां लकड़ियों के ढेर को जलाकर लोग अपनी सुख-समृद्धि की कामना करते हैं. आमतौर पर, इसके अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है. लेकिन खगोलीय घटनाओं के कारण, इस साल उत्सव की तारीखों में बदलाव देखने को मिल रहा है। जिससे लोगों में असमंजस की स्थिति बन गई है। यही कारण है कई जगह होली का दहन मंगलवार को किया जा रहा है। हलाकि तिल्दा शहर सहित आसपास में पुरे इलाके में सोमवार 2 मार्च को होलिका दहन मुहूर्त अनुसार शाम 6 बजकर 22 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 53 मिनट तक किया गया ।

बनियापारा में दोपहर को होली का पूजन किया गया,खासकर महिलाओं ने होलिका की पूजा अर्चना की। हेमू कॉलोनी चौक के पीछे सिंधी कैम्प में रात साढ़े 8बजे विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया ।इस मौके पर लोगो ने खासकर महिलाओ ने होलिका जलने के बाद होलिका की 7 बार परिक्रमा की ।होली जलने के बाद गिहर का प्रसाद वितरण किया गया । इसी तरह छोटी होली समितियों के द्वरा रात 8 बजे के आसपास होलिका जलाई .राधा कृष्ण मंदिर परिसर बनियापारा में रात को लगभग 1 बजे होलिका दहन किया गया।

### ग्रहण के कारण तिथि में असमंजस

इस बार लकड़ी की जगह लोगों ने ज्यादातर गोबर के कंडो की होली जलाई । कई जगहों पर नगाडो के साथ फाग गीतों पर लोग नाचते झूमते नजर आए। हालांकि इस बार नगाड़ों की आवाज नहीं के बराबर सुनाई दी। लेकिन होलिका दहन की रात नगाड़ों ने एक प्रकार से एहसास कराया की कल होली है। होलिका दहन को लेकर पुलिस प्रशासन भी सक्रिय दिखा। पुलिस की गाड़ियां सायरन बजाते हुए शहर व आसपास के गांव में घूमते नजर आई। ऐसे तो होली के जलने के बाद रग पर्व शुरू हो जाता है। सुबह होते ही लोग सड़को पर आ जाते है,खासकर बच्चे टोलियों में उत्साह के साथ एक दुसरे को रंग लगाकर होली खेलते है।और आमतौर पर, इसके अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है.बार होलिका दहन को लेकर लेकर लोगों में थोड़ी भ्रम की स्थिति है, खगोलीय घटनाओं के कारण, इस साल उत्सव की तारीखों में बदलाव देखने को मिलरहा है, इसलिए आजनही 4 मार्च को रंगों की होली मनाईजाएगी।



### धूमधाम से मनाया जाएगा

कल बुधवार को होली का रंग पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार कई लोग फूलों की होली खेलने परिवार के साथ वृंदावन निकल गए हैं। इसी तरह शहर के लगभग 500 युवा विशाखापट्टनम, गोवा, थाईलैंड मैं होली मनाएंगे।एक समय था जब लोगो होली का इंतजार रहता था . लोग दोस्त यारो के साथ रंग खेलने सुबह से सडको पर पहुंच जाते थे ,लेकिन अब होली में लोग घरो से बाहर भी निकलना पसंद नही करते मोबाईल पर मेसेज भेजकर एक दुसरे को होली की बधाई देकर परिवार के साथ घरो में ही होली मनाते है।

---

## खबर संक्षेप

### वृद्धा, विधवा एवं विकलांगों को 3 माह से पेंशन अप्राप्त

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर से संबंधित हितग्राहियो को विगत 3 महीने से वृद्धा,विधवा एवं विकलांग पेंशन नही मिली है,इन व्यक्तियो को पेंशन ही एकमात्र सहारा होता है,होली त्यौहार मे यह बेसहारा लोगो को एक एक रूपये के लिए भटक ना पड़ रहा है,पेशन नही मिलने का नगर पालिका से कोई स्पष्ट कारण भी नही बताया जा रहा है,विगत कई वर्षो से जिन व्यक्तियो को लगातार पेंशन मिलता आ रहा है उन्हे भी तकनीकी कारणो से पेशन नही मिलना बताया जा रहा है,लेकिन 2-4 लोगो के रिकार्ड मे दिक्कत हो सकती है,सभी के दस्तावेज मे कमी होना संभव नही है,खाते मे राशि का पता लगाने के लिए हितग्राही नगर पालिका के साथ ही बैक भी चक्कर काट रहे है जिन व्यक्तियो का केवल इसी पैसे से उनका जीवन का निर्वहन होता है होली जैसे त्यौहार मे भी उनको पेंशन नही मिलने से भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध मे सीएमओ सौरभ शर्मा से जानकारी लेने पर उन्होने बताया तकनीकी कारणो से कई हितग्राहियो को पेंशन जारी नही हो पाया है , प्रक्रिया पूरी कर पेंशन भुगतान किया जा रहा है।

### शिव पुरान की कथा में श्री गणेश विवाह प्रसंग ने किया भावविभोर

**कूंरा।** आस्था की केंद्र धर्म नगरी सुभाष चौक कुंवरगढ़ कूरा में आयोजित शिव पुराण कथा के छठे दिवस को भगवान गणेश की विवाह में सम्मिलित होने क्षेत्र की जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला दिलेंद्र सेन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ढालेन्द्र वर्मा , वरिष्ठ कांग्रेस नेता भावेस बघेल , दुर्गेश वर्मा , सांकरा के युवा नेता योगेश कुमार साहू एवं कूंरा के पार्षदगण सहित आसपास के गांव से शिव पुराण कथा श्रवण करने के लिए भक्तों का भीड़ काफी संख्या में रहा , छत्तीसगढ़ अंचल के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं अशोक कृष्ण शर्मा सगुनी वाले महराज द्वारा शिव कथा के माध्यम से एक लोटा जल सारी समस्या का हल कैसे हो , इसके लिए सुधन वैश्य की भावपूर्ण कथा श्रवण कराए , मंगल कथा और आरती में लोग भाव विभोर हो गया । नगर के उत्साही कमलेश गोयल के द्वारा बहुत ही सुन्दर मधुर श्याम भजन प्रस्तुत किया । दाऊ प्रहलाद अग्रवाल के प्रेरणा स्त्रोत पाकर पार्षद प्रतिनिधि योगेश कुमार साहू , पार्षद श्रीमति गायत्री साहू महिला समिति , जय हिन्द गणेश दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त सम्माननीय शिव भक्तों द्वारा बहुत ही सुन्दर ढंग से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया ।

---

### मुख्यमंत्री साय और कलाकारों के साथ विधायक अनुज शर्मा ने खेली गुलाल की होली

# होली का पर्व मतभेद भुलाकर प्रेम की राह पर चलने का देता है संदेश : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

विधानसभा मार्ग स्थित 'शीतल बाड़ी' में सोमवार को फागुन की ऐसी मस्ती चढ़ी कि राजनीति के दिग्गज और कला जगत के सितारे एक ही रंग में रंगे नजर आए। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा द्वारा आयोजित इस भव्य 'होली मिलन समारोह' में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिनका स्वागत पारंपरिक नगाड़ों और फाग गीतों के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री खुशवंत गुरु साहेब, आधा दर्जन विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं संग गुलाल खेलकर प्रदेश की खुशहाली की कामना की, वहीं फिल्म स्टार व विधायक अनुज शर्मा भी ढोलक की थाप पर थिरकते नजर आए। छॉलीवुड कलाकारों की मौजूदगी और फाग गीतों की गूंज के बीच राजनीति की गंभीरता की जगह आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का अनूठा संगम देखने को मिला।

- धरसींवा में सियासत और छॉलीवुड का अनूठा संगम, मुख्यमंत्री और फिल्मी सितारों ने मिलकर दी फाग की तान

समारोह की सबसे खास बात छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री (छॉलीवुड) के दिग्गजों का जमावड़ा रही। अनुज शर्मा, जो स्वयं प्रदेश के एक बड़े कलाकार हैं, उनके बुलावे पर फिल्मी जगत के कई नामचीन चेहरे शीतल बाड़ी पहुँचे। कलाकारों ने जब फाग गीतों की तान छेड़ी, तो मुख्यमंत्री भी खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने कलाकारों की हौसला अफजाई की। फागुन की मस्ती ऐसी थी कि विधायक अनुज शर्मा भी अपने चिर-परिचित अंदाज में ढोलक की थाप पर थिरकते और फाग गाते नजर आए।

कार्यकर्ताओं के लिए यह दुर्लभ क्षण था, जब उन्होंने अपने मुख्यमंत्री और लोकप्रिय विधायक को पूरी सादगी के साथ आम जनता के बीच रंग-गुलाल लगाते देखा।





### गुलाल-रंगों की वर्षा हुई और फाग गीतों से सजी महफिल

विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि मेरे लिए आज का दिन अत्यंत गौरवशाली है कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्री खुशवंत गुरु साहेब सहित साथी विधायक गण सहित पंचायत के जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने शीतल बाड़ी आकर इस होली मिलन समारोह की शोभा बढ़ाई। मेरा प्रयास हमेशा से अपनी संस्कृति और अपनी मिट्टी के लोगों को जोड़े रखने का रहा है। आज यहाँ फाग के गीतों और गुलाल के बीच जो एकता दिखी है, वही हमारी असली ताकत है। मैं अपने कलाकार साथियों और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं का हृदय से आभारी हूँ, जिन्होंने इस उत्सव को यादगार बनाया। विधायक अनुज शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन धरसींवा के कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता के प्रति उनके स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि फागुन के ये रंग राज्य की प्रगति और खुशहाली के प्रतीक हैं।

### होली प्रेम और सदभावना का देता है संदेश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि अनुज शर्मा ने राजनीति और कला का जो सामंजस्य यहाँ पेश किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि होली का यह पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम की राह पर चलने का संदेश देता है और आज शीतल बाड़ी में वही प्रेम और भाईचारा दिखाई दे रहा है। आज हमारे अनुज शर्मा जी के आयोजन शीतल बाड़ी में आकर मन प्रसन्न हो गया।

यहाँ राजनीति की गंभीरता नहीं, बल्कि फागुन का पवित्र उल्लास दिखाई दे रहा है। हमारे अनुज जी जितने ऊर्जावान विधायक हैं, उतने ही जमीन से जुड़े कलाकार भी हैं। आज छॉलीवुड के कलाकारों की मौजूदगी ने इस उत्सव को और भी गरिमामय बना दिया है। होली का यह पर्व हम सभी के जीवन में खुशहाली और एकता का रंग भरे, यही मेरी कामना है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

---

## होली पर शांति कायम रखने पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**अभनपुर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रायपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा अभनपुर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक तुलसीराम लेकाम तथा थाना अभनपुर का पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। फ्लैग मार्च अभनपुर के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्र एवं संवेदनशील इलाकों से होकर निकला। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। साथ ही असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया गया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी रायपुर ग्रामीण ने कहा कि होली के दौरान पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## होली पर बदमाशों को थाने में किया तलब और दी चेतावनी

**अभनपुर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अभनपुर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में अभनपुर थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने थाना क्षेत्र के निगरानीशुदा बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों को थाना परिसर में तलब कर सख्त चेतावनी दी। थाना प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग, अवैध गतिविधि, नशाखोरी या कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि त्योहार के समय शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि से दूर रहें।

इस मौके पर पुलिस ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

## धोबी समाज हमारे समाजिक ढाचे का महत्वपूर्ण अंग : सांसद

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी समाज अभनपुर बेलर परिक्षेत्र का 31वां वार्षिक अधिवेशन ग्राम धुसेरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संत गाडगे महाराज एवं नातिन धोबिन माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया।

मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि झेरिया धोबी समाज हमारी परंपरा, परिश्रम और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है। वर्षों से सेवा, स्वच्छता और अनुशासन को अपना धर्म मानकर समाज ने सामाजिक जीवन को सुदृढ़ किया है। इस अवसर पर सांसद ने समाज भवन निर्माण एवं सीसी रोड के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा करते हुए समाज के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

- बृजमोहन अग्रवाल ने सामाजिक भवन और सड़क निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक इंद्र कुमार साहू ने महिलाओं एवं युवाओं से सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने टीना शेड निर्माण कराने की घोषणा भी की। अधिवेशन में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष चूड़ामणि निर्मलकर, जनपद सभापति श्रीमती चंचल राजा दीवान, सरपंच नरेश बैंस, नरेश मारकण्डेय एवं श्रीमती जितेश्वरी कामेश्वर साहू समाज संरक्षक घनश्याम निर्मलकर, झुमुक निर्मलकर, कल्याण निर्मलकर,ऋषि कुमार निर्मलकर,गणेश निर्मलकर, जनक राम निर्मलकर, परमेश्वर निर्मलकर, मनहरण निर्मलकर, श्रीमती ओमेश्वरी निर्मलकर सहित विभिन्न ग्रामों से आए पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

---

## पेज 9 के शेष

### होली जांच पर निकली एफडीए टीम...

इस आधार पर 2.30 लाख रुपए कीमती शहद जब्त किया गया है और उसकी गुणवत्ता परखने के लिए सैंपल जांच के लिए भेजा है। अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा त्योहार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए बाजार में लगातार जांच की जा रही है और संदेह होने पर मिठाई, खोवा सहित अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने के लिए विधिक नमूने उठाए गए हैं। पिछले सप्ताहभर से की जा रही जांच के दौरान सुपर स्वीटस से लूज पेड़ा, बीकानेर मिठाईवाला से लूज खोवा, शारदा डेयरी एंड फूड प्रोडक्ट से पेड़ा, न्यू जनता स्वीट्स एंड बेकर्स से खोवा, जगदम्बा बीकानेर स्वीट्स से काजू कतली, कृष्णा स्वीट्स से बेसन लड्डू मीठा महल से पिस्ता बिस्किट एवं बेसन लड्डू, न्यू जनता होटल से कलाकंद का विधिक नमूना लिया गया। अभिहित अधिकारी विनोद गुप्ता के नेतृत्व में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश राज एवं संतोष ध्रुव, नमूना सहायक सुजीत मुखर्जी, निधि यादव, होरेन्द्र प्रकाश देवांगन राकेश घिदौड़े की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

### इग्नू ने दूसरी बार बढ़ाई प्रवेश तिथि...

डेट का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन शुल्क जमा कर प्रक्रिया पूरी कर लें। पहले आवेदन करने की लास्ट डेट 28 फरवरी थी। यह दूसरी बार है, जब इस वर्ष इग्नू ने आवेदन तिथि में वृद्धि की है। जनवरी अंत तक छात्रों से आवेदन मंगाने के बाद तिथि में वृद्धि करते हुए उन्हें फरवरी तक का समय दिया गया। अब इसमें एक बार फिर से वृद्धि की गई है। इग्नू स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर कई तरह के कोर्स ऑफर करता है। इन पाठ्यक्रमों की सूची इग्नू ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इन पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित अन्य जानकारी भी इसमें शामिल है।

### टर्म-एंड एग्जाम...

के मुताबिक, एग्जाम 1 जून से शुरू होंगे और 15 जुलाई को खत्म होंगे। एग्जाम दो शिफ्ट में होंगे, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक। इसमें शामिल होने के लिए, कैंडिडेट्स को इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा तय एलिजिबिलिटी की शर्तों को पूरा करना होगा। स्टूडेंट्स के पास संबंधित कोर्स के लिए वैलिड रजिस्ट्रेशन होना चाहिए, अपने प्रोग्राम का मिनिमम ड्यूरेशन पूरा करना होगा, और तय डेडलाइन के अंदर सभी ज़रूरी असाइनमेंट जमा करने होंगे। इनमें से कोई भी शर्त पूरी न करने पर आपको परीक्षा में बैठने से डिसक्वालिफ़ाई किया जा सकता है।

### आंबेडकर और डीके हास्पिटल...

का पर्याप्त स्टॉक और गंभीर स्थिति वाले मरीजों को बड़े हास्पिटल भेजने के लिए एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। होली के एक दिन पहले यानी मंगलवार को तमाम सरकारी अस्पतालों में नियमित रूप से ओपीडी का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सभी हेल्थ सेंटर इमरजेंसी मोड पर आ जाएंगे और बुधवार को अवकाश होने के दौरान आने वाले आपात स्थिति के मरीजों को इमरजेंसी विभाग में इलाज की सुविधा दी जाएगी। आंबेडकर और डीके अस्पताल में इमरजेंसी सेवा को बहाल रखने के लिए पर्याप्त संख्या में डाक्टरों, चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ की ड्यूटी लगाई गई है और उन्हें मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी गई है। आपात चिकित्सा विभाग में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी वार्डों में जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समस्त मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही होली के दौरान आपात उपचार की व्यवस्था में किसी तरह से रंग में भंग ना पड़े इसके लिए अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है। इसी तरह जिला अस्पताल और तमाम सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ हमर अस्पतालों में दो दिन की आपात व्यवस्था की गई है। अवकाश नहीं होने के बाद भी यहां बुधवार की तरह गुरुवार को भी डाक्टरों की विशेष तैनाती के निर्देश दिए गए हैं।

---

## माना-तूता में वृक्षों की कटाई का विरोध, कांग्रेस ने पेड़ों को मित्र बनाकर मनाया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

माना-तूता के जंगल में फिल्म सिटी के नाम पर सैकड़ों-हजारों पेड़ों की बेरहमी से कटाई हो रही है। आज सातवें दिन भी हमने पेड़ों को अपना मित्र मानकर उन्हें रंग-गुलाल लगाया, बताशे की माला पहनाई और उनके साथ होली मनाई। इस अनोखे विरोध में रायपुर शहर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हीरेंद्र देवांगन, पार्षद श्री जयंत साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य श किरण सिन्हा, गोपाल बाजपेई, जनपद सदस्य कृणाल सिन्हा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल रहे।

- भाजपा की सनातन विरोधी वाली घटिया राजनीति की निंदा

यह प्रदर्शन किसी त्योहार के विरोध में नहीं, बल्कि प्रकृति-हत्या के विरुद्ध है। हम दोनों जिला अध्यक्षों ने स्पष्ट संकल्प लिया है कि इस वर्ष हम होली नहीं मनाएंगे, क्योंकि जब हमारा जंगल, हमारी सांसें, हमारी आने वाली पीढ़ियां कट रही हैं, तो रंगों की होली कैसे मनाई जाए? पेड़ हमारे जीवनदाता हैं – इन्हें काटना सनातन मूल्यों का सबसे बड़ा अपमान है।

लेकिन भाजपा के कुछ नेता और प्रवक्ता इस गंभीर पर्यावरण मुद्दे से जनता की नजर हटाने के लिए सबसे घटिया और घिनौने हथकंडे अपना रहे हैं। वे हमें सनातन विरोधी कहकर धार्मिक भावनाओं का सस्ता खेल खेल रहे हैं। यह आरोप न केवल झूठा, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय है, बल्कि सनातन संस्कृति का अपमान भी है।

सनातन धर्म प्रकृति-पूजा सिखाता है, पेड़ों को काटना नहीं। सनातन में वृक्षों को देवता माना जाता है, उन्हें काटकर फिल्म सिटी बनाना सनातन विरोधी है – न कि उनका विरोध करना। भाजपा की यह दोगली राजनीति है – एक तरफ जंगल काटो, दूसरी तरफ सनातन का ढोंग करो।

---

### :: आम सूचना ::

सर्वसाधरण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी पुन्नी बाई पति थनवार के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम पचेडा प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 599 का भाग रकबा 0.0683/ 7349 वर्गफुट भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया गया है विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था निगम, निकाय बैंक, साहूकार, महाजन या शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता /अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेंवे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतीत होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जावेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा। एवं वह सदभावक क्रेता माना जावेगा।

स्थान - अभनपुर
दिनांक - 02/03/2026

**भवदीय**
**नागेन्द्र कुमार सिन्हा**
**अधिवक्ता अभनपुर जिला रायपुर**
**छ.ग., मो.नं. 9893906809**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-20 सेरीखेडी तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
### आम सूचना

जारी दिनांक 02/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेकरी प.ह.नं.-78 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक/आवेदिका श्रीमती रमा बाई जादौन पति श्री बलाराम सिंह जादौन निवासी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 184/40 रकबा 0.1020 हे., 184/44 रकबा 0.0290 हेक्टर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. / क / वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 02/03/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 09/03/2026 को समय 4.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-20 सेरीखेडी**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5254 दिनांक 05.06.2012 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक -एल.आई.जी. फ्लैट- 22/208 को श्री राहुल 'सरकार पिता स्व.श्री कल्याण कुमार सरकार के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 18.06.2015 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 9517 दिनांक 09.12.2015 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में श्री राहुल सरकार पिता स्व.श्री कल्याण कुमार सरकार, निवासीः - 39/288, नजदीक आर्शीवाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री अखिलेश्वर कुमार पिता स्व. श्री चन्द्रशेखर प्रसाद, निवासीः - ई.डब्लू.एस. फ्लैट -14/303, सेक्टर- 29, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट -22/208 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**



# होली खेलने शहरवासियों को पानी की नहीं होगी दिक्कत, शाम के समय डेढ़ घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फिल्टर प्लांट से त्योहार के दिन 10 एमएलडी ज्यादा पानी, शाम के समय 4.30 बजे खुलेगा नल

खास खबर

राजधानी वासियों को इस बार रंग-अबीर के मनभावन त्योहार में होली के दिन रंग खेलने भरपूर पानी मिलेगा। सामान्य दिनों में जहां रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाले लोगों को 290 एमएलडी जल की आपूर्ति की जाती है, वहीं होली त्योहार में 300 एमएलडी पानी की आपूर्ति फिल्टर प्लांट से होगी।

यानी शहरवासियों को होली खेलने 10 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिलेगा, यही नहीं, सुबह के समय नलों से नियमित जल आपूर्ति के बाद शाम के समय 4 मार्च को डेढ़ घंटे अतिरिक्त पानी मिलेगा। इस दिन शाम के 6 बजे खुलने वाला नल डेढ़ घंटा पहले यानी 4.30 बजे से खुल जाएगा, ताकि लोगों को होली त्योहार के दिन जल आपूर्ति में किसी तरह की परेशानी न हो। रायपुर नगर निगम होली के त्योहार में शहर में स्थापित अपने 43 नई व पुरानी पानी टंकियों से 4 मार्च को 300 एमएलडी जल की आपूर्ति करेगा।

यह मात्रा सामान्य दिनों में फिल्टर प्लांट से मिलने वाले 290 एमएलडी के जल आपूर्ति की तुलना में 10 एमएलडी ज्यादा है। रंगों के त्योहार को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन आम जनता की सहूलियत के लिए यह व्यवस्था देने जा रहा है। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि होली के दिन सुबह के समय नियमित जल आपूर्ति के साथ ही शाम के समय डेढ़ घंटा पूर्व नलों से जल की आपूर्ति की व्यवस्था देने की तैयारी है।

- टैंकर की डिमांड ज्यादा, मोहल्ला समिति, सामाजिक संस्था सहित व्यक्तिगत स्तर पर मांग रहे पानी टैंकर
- जल विभाग के पास 65 पानी टैंकर, 30 टैंकर जल संकट प्रभावित इलाकों के लिए, 35 पानी टैंकर वार्डों में डिमांड पर लगाएंगे फेरे



## होली पर पानी टैंकर की डिमांड ज्यादा, मोहल्ला समिति सामाजिक संस्था, जन प्रतिनिधि को चाहिए टैंकर

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम अलग-अलग ग्रुप में होली त्योहार के लिए अभी से पानी टैंकर की डिमांड अलग-अलग इलाकों से होने लगी है। विभाग के अफसरों का कहना है, मोहल्ला समिति, सामाजिक संस्था के अलावा जन प्रतिनिधि भी अपने इलाके में होली त्योहार के लिए पानी टैंकर की डिमांड करने लगे हैं। इसे देखते हुए जल विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि पानी भरने के लिए ड्रम या अन्य साधन तैयार रखने पर ही पानी की आपूर्ति होगी। टैंकर ले जाकर किसी एक स्थान पर खड़ा करने का सिस्टम नहीं चलेगा। विदित हो कि नगरनिगम मुख्यालय सहित दस जोनों में निगम प्रशासन के पास 65 पानी टैंकर उपलब्ध हैं। इसमें से 30 पानी टैंकर ऐसे हैं जिन्हें शहर के जल संकट प्रभावित इलाकों में लोगों की पेयजल आपूर्ति के लिए सुरक्षित रखा गया है, बाकी के 35 पानी टैंकर शहर के अंदरूनी सहित आउटर के वार्डों में पब्लिक डिमांड के आधार पर होली त्योहार के दिन उपलब्ध कराने सुरक्षित रखे गए हैं।

## खबर संक्षेप

### महापौर मीनल, सभापति सूर्यकांत ने दी होली की बधाई

**रायपुर।** नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने राजधानी वासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि रंगों का यह त्योहार नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि लेकर आए। उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना उन्होंने की है। महापौर मीनल चौबे शहर के सभी नागरिकों से अपील की है केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में रायपुर शहर को देश के सबसे साफ-सुथरे शहर की रैंकिंग दिलवाने अधिक से अधिक संख्या में स्वच्छता का फीडबैक दें। इसके लिए स्वच्छता एप में स्वच्छता फीडबैक देने का आग्रह लोगों से किया गया है।

## निधन

### सुरेंद्र दुबे



**रायपुर।** रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर निवासी, सेवानिवृत्त स्पोर्ट्स ऑफिसर पंडरीतराई सुरेंद्र दुबे (76) का 2 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक दुबे, अनिल दुबे के बड़े भाई, श्रद्धा मिश्रा के पिता और पंकज मिश्रा के ससुर थे।

### मो.शमसुद्दीन



**रायपुर।** मौदहापारा निवासी शमसुद्दीन का 2 मार्च को इंतेकाल हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वे मोइन के वालिद, फहीम और नूरू के बड़े अब्बा थे।

## शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च

# होली पर शांति व्यवस्था बनाने दो धड़ों में बंटी पुलिस शहर और ग्रामीण में अलग- अलग फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शांतिपूर्ण तथा सौहार्द्र तरीके से होली मनाने का संदेश देने रायपुर जिला की शहरी तथा ग्रामीण पुलिस ने माना तथा पुलिस लाइन से फ्लैग मार्च निकाला। होली के दिन राजधानी की शहरी पुलिस किसी भी आपराधिक गतिविधि पर अंकुश लगाने होली के दिन पहली बार ड्रोन का इस्तेमाल करेगी। शहरी पुलिस ने फ्लैग मार्च के दौरान ड्रोन का प्रदर्शन किया।

पुलिस कमिश्नर की ब्रीफिंग के बाद मध्य क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र एवं उत्तर क्षेत्र के डीसीपी अपने-अपने जोन में अधीनस्थ अधिकारियों ने थाना प्रभारियों तथा पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों, मिश्रित आबादी वाले इलाकों एवं भीड़ वाले स्थानों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न किया गया तथा असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी गई।

### शहर में जंबो पेट्रोलिंग की व्यवस्था

होली पर्व के दौरान शह के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगरानी रहेगी। व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के तहत 105 बाइक पेट्रोलिंग दल, 73 थाना पेट्रोलिंग वाहन, 15 एडी पार्टी, थानों के 40 फिक्स चेकिंग प्वाइंट, यातायात पुलिस के साथ एमसीपी (मोटर चेक प्वाइंट) एवं ब्रीथ एनालाइजर चेक प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इन चेक प्वाइंट्स पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच की जाएगी। तीन सवारी वाहन चलाने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तेज गति एवं स्टंट करने वालों तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**ग्रामीण थाना क्षेत्र में माना, शहरी क्षेत्र में पुलिस लाइन से फ्लैग मार्च**

### माना से लेकर तिल्दा-नेवरा तक फ्लैग मार्च

एसपी ग्रामीण श्वेता सिन्हा ने 500 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ब्रीफ किया। ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस की टीम माना से अभनपुर, नयापारा, आरंग, धरसीवां, तिल्दा नेवरा, विधानसभा तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के व्यस्त क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला।

### संवेदनशील स्थानों की ड्रोन से निगरानी

संवेदनशील एवं भीड़ वाले क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जाएगी, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। तीनों जोन के डीसीपी अपने-अपने थाना क्षेत्र के टीआई को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते रहें, संदिग्ध व्यक्ति, गाड़ियों की सघन चेकिंग करें तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली सामग्री प्रसारित करने वालों पर विशेष निगरानी रखने निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि कानून-व्यवस्था भंग करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# दोपहिया चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार, 10 बाइक जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक पूर्व में दोपहिया चोरी के आरोप में जेल जा चुका है
- क्राइम ब्रांच पुलिस की कार्रवाई में दोनों शातिर सपड़ाए

दुर्ग तथा रायपुर जिला में सक्रिय होकर दोपहिया चोरी करने वाले दो शातिरों को क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 10 दोपहिया वाहन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पूर्व में दोपहिया चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। अन्य दोपहिया चोरी की घटना को लेकर पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपियों को क्राइम ब्रांच पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया है।

दोपहिया चोरी करने के आरोप में पुलिस ने आरवीएच कालोनी, खमतराई निवासी राज सोनी तथा विधानसभा, दोंदेखुर्द निवासी सुभाष कुम्हार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि उन लोगों ने पंडरी, खम्हारडीह, खरोरा तथा जिला दुर्ग, छावनी में दोपहिया चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सुभाष कुम्हार पूर्व में दोपहिया चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

## फरार गांजा तस्कर सहित दो को 20-20 साल कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** गोलबाजार थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी कर ले जाते एक फरार सहित दो गांजा तस्करों को कोर्ट ने 20-20 साल कैद तथा दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। फरार गांजा तस्कर के खिलाफ कोर्ट ने बेमियादी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायधीश शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार कोर्ट ने दिल्ली, सीलमपुर निवासी पवन सूर्यवंशी तथा पूरन सोनी को कैद तथा जुर्माना की सजा सुनाई है। गांजा तस्करी करते पकड़े जाने पर पूरन सोनी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस पवन को गिरफ्तार करने दिल्ली स्थित उसके निवास पहुंची, लेकिन वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक नौ मई 2024 को पवन अपने साथी के साथ पिट्ठू बैग में गांजा लेकर जा रहा था।

## बिजनेस साइट

# होली में डॉ. सुनील कालड़ा करेंगे 2 दिन निशुल्क उपचार



**रायपुर।** होली में रंगों से होने वाली त्वचा और आंखों की समस्याओं को देखते हुए प्रदेश के सर्वप्रथम निजी बर्न सेंटर, कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक एवं बर्न सेंटर के संचालक एवं सुप्रसिद्ध प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा ने इस बार भी दो दिन का निशुल्क प्राथमिक उपचार एवं सलाह देने का निर्णय लिया है। यह सुविधा डॉ. कालड़ा के पचपेड़ीनाका, धमतरी रोड स्थित सेंटर और चौबे कॉलोनी के केंद्र पर उपलब्ध होगी। डॉ. कालड़ा ने आम जनता से अपील की है कि होली खेलते समय हमेशा मॉइस्चराइजर और लिप बाम का उपयोग करें। केवल हर्बल रंगों का प्रयोग करें और ज्वलनशील या चाइनीज रंगों से बचें। छोटे बच्चों को सुरक्षित रखें और गुब्बारे आंखों के पास न मारें। 35 वर्षों से यह परंपरा निभा रहे डॉ. कालडा ने इस बार लोगों से मिठाई की जगह पौधे देने की भी अपील की है।

## कांग्रेस नेता ने कस्टम मिलिंग में वसूली का आरोप लगाया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य में एक बार फिर राइस मिलरों से 'कस्टम मिलिंग' के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध वसूली का खेल शुरू हो गया है।

कांग्रेस शासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर सत्ता में आई भाजपा सरकार में अब वसूली के नए और संगठित तरीके अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार, राइस मिलरों से दस रुपए क्विंटल कमीशन के साथ-साथ दो रुपए प्रति क्विंटल अधिकारियों के लिए अलग से 'फिक्स' कर दिया गया है।

# दुर्ग-रायगढ़ के बीच चलेगी 4 फेरे के लिए मेमू स्पेशल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गाड़ी संख्या 08833 रायगढ़-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रायगढ़ से 19:00 रवाना होकर उपरोक्त सभी स्टेशनों पर रुकते हुए बिलासपुर 21.45 बजे एवं रायपुर 00:10 बजे और दुर्ग अगले दिन 01.45 बजे पहुंचेगी

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 02, 03, 05 व 06 मार्च को गाड़ी संख्या 08834/08833 दुर्ग - रायगढ़ - दुर्ग के मध्य 04 फेरे के लिए होली मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा प्रदान की गई हैं।

गाड़ी संख्या 08834 दुर्ग रायगढ़ मेमू पैसेंजर गाड़ी दुर्ग से 10:30 बजे रवाना होकर 10:36 बजे भिलाई नगर 10.43 बजे भिलाई पावर हाउस 10:50 बजे भिलाई 10.56 बजे देवबलोदा चरोदा, 11:09बजे कुम्हारी, 11:17 बजे सरोना 11.24 बजे सरस्वती नगर, 11.35 बजे रायपुर 11:45 बजे डब्ल्यूआरएस, 11:52 बजे उरकुरा, 12:00 मांडर,12:11 बजे सिलियारी, 12.21 बजे बैकुंठ 12:28 बजे तिल्दा नेवरा, 12.39 बजे हथबंद, 12:52 बजे भाटापारा, 13.05 बजे निपनिया, 13.15 बजे दगोरी, 13.23 बजे बिल्हा, 14.31 बजे चकरभाटा 14.37 बजे दाधापारा,15.10 बजे बिलासपुर, 15.28 बजे गतौरा, 15:40 बजे जयरामनगर, 15.53 बजे अकलतरा, 16:10 बजे जांजगीर-नैला, 16:30 बजे चांपा, 16:50 सारागांव देवरी, 17:03 बजे बाराद्वार, 17.18 बजे सक्ती, 17:30 झाराडीह, 17.40 बजे खरसिया, 17.58 बजे रॉबर्टसन, 18: 13 बजे भूपदेवपुर, 18.23 बजे किरोड़ीमल नगर, 18:50 बजे रायगढ़।

दिनांक 02, 03, 05 एवं 06 मार्च 2026 को वापसी में गाड़ी संख्या 08833 रायगढ़- दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रायगढ़ से 19:00 रवाना होकर उपरोक्त सभी स्टेशनों पर रुकते हुए बिलासपुर 21.45 बजे एवं रायपुर 00:10 बजे और दुर्ग अगले दिन 01.45 बजे पहुंचेगी।

## आध्यात्मिक शिविर में 250 भक्तों ने लिया भाग

**रायपुर।** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम द्वारा रविवार को एक आध्यात्मिक शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में रायपुर, भिलाई, दुर्ग आदि स्थानों से लगभग 250 भक्तों ने भाग लिया। शिविर में संत-वक्ताओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के बाद वेद-मंत्र का पाठ और भजनों की प्रस्तुति दी गई। भक्तों ने श्री रामकृष्ण अष्टोत्तर सतनाम, गीता-पाठ जप और ध्यान किया।

## पेज 09 के शेष ...

### होली जांच पर निकली एफडीए टीम...

इस आधार पर 2.30 लाख रुपए कीमती शहद जब्त किया गया है और उसकी गुणवत्ता परखने के लिए सैंपल जांच के लिए भेजा है। अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा त्योहार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए बाजार में लगातार जांच की जा रही है और संदेह होने पर मिठाई, खोवा सहित अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने के लिए विधिक नमूने उठाए गए हैं। पिछले सप्ताहभर से की जा रही जांच के दौरान सुपर स्वीटस से लूज पेड़ा, बीकानेर मिठाईवाला से लूज खोवा, शारदा डेयरी एंड फूड प्रोडक्ट से पेड़ा, न्यू जनता स्वीट्स एंड बेकर्स से खोवा, जगदम्बा बीकानेर स्वीट्स से काजू कतली, कृष्णा स्वीट्स से बेसन लड्डू मीठा महल से पिस्ता बिस्किट एवं बेसन लड्डू, न्यू जनता होटल से कलाकंद का विधिक नमूना लिया गया। अभिहित अधिकारी विनोद गुप्ता के नेतृत्व में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश राज एवं संतोष ध्रुव, नमूना सहायक सुजीत मुखर्जी, निधि यादव, होरेन्द्र प्रकाश देवांगन राकेश घिदौड़े की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

### इग्नू ने दूसरी बार बढ़ाई प्रवेश तिथि...

डेट का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन शुल्क जमा कर प्रक्रिया पूरी कर लें। पहले आवेदन करने की लास्ट डेट 28 फरवरी थी। यह दूसरी बार है, जब इस वर्ष इग्नू ने आवेदन तिथि में वृद्धि की है। जनवरी अंत तक छात्रों से आवेदन मंगाने के बाद तिथि में वृद्धि करते हुए उन्हें फरवरी तक का समय दिया गया। अब इसमें एक बार फिर से वृद्धि की गई है। इग्नू स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर कई तरह के कोर्स ऑफर करता है। इन पाठ्यक्रमों की सूची इग्नू ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इन पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित अन्य जानकारी भी इसमें शामिल है।

### टर्म-एंड एग्जाम...

के मुताबिक, एग्जाम 1 जून से शुरू होंगे और 15 जुलाई को खत्म होंगे। एग्जाम दो शिफ्ट में होंगे, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक। इसमें शामिल होने के लिए, कैंडिडेट्स को इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा तय एलिजिबिलिटी की शर्तों को पूरा करना होगा। स्टूडेंट्स के पास संबंधित कोर्स के लिए वैलिड रजिस्ट्रेशन होना चाहिए, अपने प्रोग्राम का मिनिमम ड्यूरेशन पूरा करना होगा, और तय डेडलाइन के अंदर सभी ज़रूरी असाइनमेंट जमा करने होंगे। इनमें से कोई भी शर्त पूरी न करने पर आपको परीक्षा में बैठने से डिसक्वालिफ़ाई किया जा सकता है।

### आंबेडकर और डीके हास्पिटल...

का पर्याप्त स्टॉक और गंभीर स्थिति वाले मरीजों को बड़े हास्पिटल भेजने के लिए एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। होली के एक दिन पहले यानी मंगलवार को तमाम सरकारी अस्पतालों में नियमित रूप से ओपीडी का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सभी हेल्थ सेंटर इमरजेंसी मोड पर आ जाएंगे और बुधवार को अवकाश होने के दौरान आने वाले आपात स्थिति के मरीजों को इमरजेंसी विभाग में इलाज की सुविधा दी जाएगी। आंबेडकर और डीके अस्पताल में इमरजेंसी सेवा को बहाल रखने के लिए पर्याप्त संख्या में डाक्टरों, चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ की ड्यूटी लगाई गई है और उन्हें मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी गई है।

आपात चिकित्सा विभाग में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी वार्डों में जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समस्त मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही होली के दौरान आपात उपचार की व्यवस्था में किसी तरह से रंग में भंग ना पड़े इसके लिए अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है।

इसी तरह जिला अस्पताल और तमाम सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ हमर अस्पतालों में दो दिन की आपात व्यवस्था की गई है। अवकाश नहीं होने के बाद भी यहां बुधवार की तरह गुरुवार को भी डाक्टरों की विशेष तैनाती के निर्देश दिए गए हैं।

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी पुन्नी बाई पति थनवार के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम पचेडा प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 599 का भाग रकबा 0.0683/ 7349 वर्गफुट भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया गया है विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था निगम, निकाय बैंक, साहूकार, महाजन या शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता /अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेंवे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतीत होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जावेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा। एवं वह सदभावक क्रेता माना जावेगा।

स्थान - अभनपुर
दिनांक - 02/03/2026

भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा
अधिवक्ता अभनपुर जिला रायपुर
छ.ग., मो.नं. 9893906809

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-20 सेरीखेडी तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 02/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेकरी प.ह.नं.-78 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक/आवेदिका श्रीमती रमा बाई जादौन पति श्री बलाराम सिंह जादौन निवासी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 184/40 रकबा 0.1020 हे., 184/44 रकबा 0.0290 हेक्टर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. / क / वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 02/03/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 09/03/2026 को समय 4.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-20 सेरीखेडी

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5254 दिनांक 05.06.2012 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक -एल.आई.जी. फ्लैट- 22/208 को श्री राहुल 'सरकार पिता स्व.श्री कल्याण कुमार सरकार के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 18.06.2015 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 9517 दिनांक 09.12.2015 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में श्री राहुल सरकार पिता स्व.श्री कल्याण कुमार सरकार, निवासीः - 39/288, नजदीक आर्शीवाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री अखिलेश्वर कुमार पिता स्व. श्री चन्द्रशेखर प्रसाद, निवासीः - ई.डब्लू.एस. फ्लैट -14/303, सेक्टर- 29, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट -22/208 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# लंग्स के गंभीर मरीजों को मिलेगी एडवांस सुविधाएं, एम्स में अत्याधुनिक 12-बेडेड आईसीयू तैयार

## राज्यपाल रमेन डेका ने किया रेस्पिरेटरी आईसीयू का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्वसन तंत्रिकाओं की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को एम्स में इलाज के दौरान आधुनिक सुविधाएं मिलेगी। अत्याधुनिक मशीनों की मदद से तैयार 12 बेडेड रेस्पिरेटरी आईसीयू का लोकार्पण राज्यपाल रमेन डेका ने किया। आईसीयू में भर्ती मरीजों को बेडसाइड ब्रोंकोस्कोपी, डायलिसिस समर्थन, एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजन सेवाएं प्राप्त होंगी।

इस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आईसीयू का संचालन पल्मोनरी मेडिसिन विभाग द्वारा किया जाएगा। यहां आधुनिक वेंटिलेटर प्रणाली तथा सुदृढ़ संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था शामिल हैं। इस इकाई को गंभीर श्वसन रोगों से पीड़ित मरीजों को समग्र तृतीयक स्तर की चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने हेतु विशेष रूप से डिज़ाइन की गई है। आईसीयू के लोकार्पण के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने सद्भावना के प्रतीक स्वरूप एम्स को 42 मल्टीफंक्शनल प्रिंटर भेंट किए। यह प्रिंटर संस्थान के विभिन्न विभागों में मरीज पंजीकरण, ओपीडी सेवाओं, नियमित रोगी देखभाल एवं प्रशासनिक कार्यों की दक्षता बढ़ाने में सहायक होंगे। इस दौरान एम्स के निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि नव स्थापित रेस्पिरेटरी आईसीयू लंबे समय से अनुभव की जा रही आवश्यकता की पूर्ति करता है तथा क्षेत्र में पल्मोनरी क्रिटिकल केयर सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




### नवा रायपुर में एम्स, प्रशासन के साथ चर्चा

इस अवसर पर राज्यपाल ने तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में संस्थान के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में एक अतिरिक्त एम्स स्थापित करने की संभावना पर प्रशासन के साथ विचार-विमर्श चल रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एक समर्पित कार्डियक केयर सेंटर की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के कारण मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। देश स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग एवं अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है और राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका तथा राष्ट्रीय विकास के लिए उत्तम स्वास्थ्य की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप




### 3 सेवानिवृत्त अधिकारियों को आयुक्त ने किया सम्मानित

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने सोमवार को गांधी सदन में नगर निगम के 3 सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अधिकारियों में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता यूके घलेन्द्र, अधीक्षण अभियता पी.राजेश नायडू और जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोगरे शामिल हैं। नगर निगम रायपुर की ओर से आयुक्त विश्वदीप ने सेवानिवृत्त तीनों अधिकारियों को श्रीफल, शाल, स्मृति चिन्ह बुके प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर सेवानिवृत्त अधिकारियों ने नगर निगम रायपुर में सेवा के दौरान के अपने संस्मरण सुनाए। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, कृष्णा खटीक, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी,जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन योगेश कहु, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने सेवानिवृत्त अधिकारियो के कार्य की सराहना करते हुए उनके साथ बिताए गए पल की याद ताजा की।

### जाति प्रमाण पत्र बनवाने में समस्या, सीएम से की मुलाकात



**रायपुर।** जाति प्रमाण पत्र बनाओ संघर्ष मोर्चा की अध्यक्ष सावित्री जगत ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की है। इस दौरान अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित मामलों और जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। सावित्री जगत ने अपनी मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। सोमवार को प्रेसवार्ता के माध्यम से श्रीमती जगत ने बताया कि यह कि छत्तीसगढ़ राज्य में तत्काल प्रभाव से इस पत्र का परिपालन सुनिश्चित किया जाए, यह कि राज्य के सभी जिलों के जिला दण्डाधिकारियों एवं जाति प्रमाण-पत्र जारी करने वाले सभी अधिकारियों को इस आशय के स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं कि वे उच्च न्यायालयों के निर्णयों एवं भारत सरकार के इस नवीनतम पत्र के अनुसार ही प्रमाण-पत्र जारी करें, यह कि जिन व्यक्तियों के प्रमाण-पत्र पूर्व में इस भ्रांति के कारण रोके गए या निरस्त किए गए थे, उनके मामलों का पुनः निराकरण इस नई व्यवस्था के तहत किया जाए। मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक आदेश जारी करने की कृपा करें, ताकि हजारों परिवारों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने बताया कि हमने इस मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राष्ट्रीय व राज्य के अनुसूचित जाति आयोग और राज्य सरकार सहित विभिन्न मंचों पर पत्र लिखकर अपनी बात रखी है।

### अवैध रूप से कनेक्शन लेकर बिजली चोरी करते पकड़े जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं

# रावणभाठा मैदान में डिज्नीलैंड मेला संचालक का कब्जा मेला बंद होने के माहभर बाद भी हटा नहीं ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित ऐतिहासिक दशहरा-खेल मैदान रावणभाठा एक ओर जहां व्यापार का अड्डा बन गया है, वहीं दूसरी ओर यहां डिज्नीलैंड मेला लगाने वालों ने मैदान पर कब्जा भी कर रखा है। डिज्नीलैंड मेला को बंद हुए करीब एक माह होने जा रहा है, लेकिन यहां लगे मेला का ढांचा को अब तक हटाया नहीं गया है। इसके कारण इस मैदान में प्रतिदिन क्रिकेट सहित अन्य खेल खेलने तथा मार्निंग वॉक में आने वाले लोगों को खेलने और वॉक करने के लिए जगह तक नहीं मिल पा रही है। सूत्र से पता चला कि ढांचा को मेले का संचालक इसलिए नहीं हटवा रहा है, क्योंकि आगामी मई में दोबारा वह यहां मेला लगाएगा, जिसके लिए उसने पहले से ही दूधाधारी मठ के महंत से अनुमति भी ले रखी है। इधर यह भी पता चला कि मेला संचालक ने मेला कार्यक्रम के लिए बिजली कनेक्शन अवैध रूप से लेकर इस्तेमाल किया है, जिसकी चोरी विभाग ने पकड़ी भी थी, लेकिन इस मामले में उसके द्वारा न ही कोई प्रकरण बनाया गया और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई। इधर इस मामले में हरिभूमि ने जब बिजली विभाग के क्षेत्रीय अफसरों से बात की, तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कुछ भी जानकारी देने से इनकार कर दिया।



### खेल मैदान के नाम पर चल रहा कमीशन का बड़ा खेल



रावणभाठा मैदान दूधाधारी मठ की संपत्ति है। इस मैदान को मठ ने दशहरा, बैल दौड़ जैसे धार्मिक तथा खेल मैदान के लिए सुरक्षित किया हुआ है। इस मैदान को सुरक्षित करने के लिए जनप्रतिनिधियों की मदद से मैदान के चारों तरफ बाउंड्रीवॉल तथा कई जगहों पर गेट भी लगाए गए हैं, जिसमें लाखों-करोड़ों रुपए खर्च हुए हैं। यही नहीं, तथा नगर निगम प्रशासन के सहयोग से मैदान में दिन और रात में भी खेल और धार्मिक के आयोजन अच्छी तरह से हो सके। इसके लिए यहां सोलर एलईडी हाई मास्क लाइटें भी लगवाई गई हैं, वहीं अन्य कुछ हाई मास्क लाईटें यहां प्रस्तावित भी हैं, जिसे लगाने का कार्य भी शुरू कर दिया है।

### महीनेभर से लगे हुए हैं बांस-बल्ली एवं टिन के शेड

नवंबर-दिसंबर माह में रावणभाठा मैदान में रॉयल डिज्नीलैंड मेला लगा था। यह मेला जनवरी के प्रथम सप्ताह तक लगा रहा। इसके बाद मेला बंद होते के बाद संचालक ने झूलों से लेकर अन्य सारी सामग्री हटवाकर दूसरे जगह जहां मेला लगा है वहां शिफ्ट करा दिया है, लेकिन बांस-बल्ली एवं टिन का शेड के जो ढांचा बना हुआ है, उसे अब तक हटवाया नहीं गया है। इस मामले में दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदरदास से पक्ष जानने के लिए कई बार उनके मोबाइल पर संपर्क भी साधा गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### अवैध कनेक्शन लेकर बिजली चोरी का वीडियो आया सामने

मेले में लगी खान-पान सहित अन्य दुकानों से लेकर झूलों में जमकर बिजली की खपत हुई है। या यू कहें कि हर दिन मेला में लाखों रुपए की बिजली की खपत हुई है। सूत्र से पता चला है कि मेला संचालक ने इस खर्च को बचाने के लिए अवैध रूप से बिजली कनेक्शन ले रखा था। इसकी जानकारी बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी मैदान में लगे सोलर हाई मास्ट लाईट को चेक करने पहुंचे। इस इस सोलर लाईट से ही बिजली कनेक्शन लिया गया था। कर्मचारियों ने इस बिजली चोरी का विडियो भी बनाया, जिसे अधिकारियों को भी दिखाया गया, लेकिन इस मामले में अधिकारियों ने ना ही कोई कार्रवाई की और न ही मेला संचालक के विरुद्ध कोई प्रकरण बनाया। उल्लेखनीय है कि रावणभाठा मैदान में हर दिन सुबह-शाम को क्रिकेट सहित अन्य विभिन्न तरह के खेल खेलने के लिए सैकड़ों की संख्या में बच्चों से लेकर युवा वर्ग पहुंचते हैं। इस मैदान में बुजुर्ग वर्ग सहित आम लोग भी बड़ी संख्या में व्यायाम, योगा करने रोज पहुंचते हैं। इसके बाद भी मैदान का आधा हिस्सा पर मेला संचालक ने कब्जा कर रखा हुआ है।

### जानकारी ली जाएगी

रॉयल डिज्नीलैंड मेला संचालक अवैध रूप से कनेक्शन लेकर बिजली चोरी कर रहा था, इसकी जानकारी नहीं है। कर्मचारियों ने बिजली चोरी का विडियो बनाया है, तो इस बारे में जानकारी ली जाएगी।

- अविनाश चंद्र वर्मा,
अधिकारी
विद्युत विभाग रावणभाठा

# पर्यावरण के मानकों का उल्लंघन उद्योगों की काटी गई बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 3 उद्योगों से 9.22 लाख की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति



छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा क्षेत्रांतर्गत संचालित औद्योगिक इकाइयों के पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन की नियमित एवं सतत निगरानी की जा रही है। 10 से 25 फरवरी की अवधि में किए गए नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षणों के दौरान विभिन्न उद्योगों में वायु एवं जल प्रदूषण संबंधी गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर मंडल द्वारा कड़ी वैधानिक कार्रवाई की गई है। मंडल द्वारा 15 उद्योगों पर उत्पादन बंद एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

### सिलतरा एवं उरला क्षेत्र में भी कार्रवाई

सिलतरा स्थित इण्डक्शन फर्नेस उद्योग एसकेए इस्पात लिमिटेड में वायु प्रदूषण पाए जाने पर 19 फरवरी को उत्पादन बंद करने एवं विद्युत विच्छेदन के आदेश जारी किए गए। इसी प्रकार उरला-गोंदवारा स्थित इण्डक्शन फर्नेस एवं सीसीएम उद्योग छत्तीसगढ़ फेरो ट्रेडर्स लिमिटेड में वायु प्रदूषण पाए जाने पर उत्पादन बंद एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

### स्पंज आयरन उद्योग पर कार्रवाई

ग्राम चरौदा, तहसील एवं जिला रायपुर स्थित स्पंज आयरन उद्योग पुष्प स्टील्स एंड माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में वायु प्रदूषण पाए जाने पर उत्पादन बंद करने एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई। मेटल पार्क, रावांभाठा में 11 इकाइयों पर कार्रवाई की गई, जिनमें मेटल पार्क, रावांभाठा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान 9 स्लैग क्रशर, 1 बाइंडिंग वायर इकाई एवं 1 स्टील फर्नीचर इकाई बिना मंडल की वैध सम्मति एवं प्रदूषण की स्थिति में संचालित पाई गईं। इन कुल 11 इकाईयों के विरुद्ध उत्पादन बंद एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

### 9.22 लाख रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा कार्रवाई के अतिरिक्त निमयों का उल्लंघन अवधि के लिए नियमानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपण की भी कार्रवाई की गई है। इस अवधि में कुल 3 उद्योगों पर कुल 9 लाख 22 रूपए की क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई है। मंडल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई पूर्णतः पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए की गई है। संबंधित उद्योगों को निर्देशित किया गया है कि जब तक वे पर्यावरणीय मानकों, वैधानिक प्रावधानों एवं सम्मति शर्तों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित नहीं करते, तब तक संचालन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

# पीईटी-पीएटी के लिए व्यापम ने खोला पोर्टल, जिस खाते से भुगतान उसमें ही रिफंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के महाविद्यालयों में इंजीनियरिंग व कृषि संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक छात्रों के लिए व्यापम ने आवेदन पोर्टल दिया है। व्यापम द्वारा बीते वर्ष जारी किए शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार ही छात्रों की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

संचालनालय तकनीकी शिक्षा तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर पीईटी और पीएटी परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। व्यापम ने प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पोर्टल खोलने के साथ ही इससे संबंधित समस्त जानकारी अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध करा दी है। इसके पूर्व व्यापम ने प्रीएमसीए के लिए आवेदन प्रारंभ किए थे। अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन व्यापम द्वारा क्रमबद्ध प्रारंभ किए जाएंगे।




### ऐसा है शेड्यूल

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि- 2 मार्च
ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि- 27 मार्च, सायं 5:00 बजे तक
त्रुटि सुधारः 28 मार्च से 30 मार्च, सायं 5:00 बजे तक
परीक्षा की संभावित तिथिः 14 मई
परीक्षा का समयः पूर्वान्ह 10:00 से 1:15 बजे तक
प्रवेश पत्र जारी करने की संभावित तिथिः 4 मई
परीक्षा केन्द्रः 33 जिला मुख्यालयों

### स्थानीय निवासियों को ही छूट

व्यापम ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उनका परीक्षा शुल्क व्यापम द्वारा वापस कर दिया जाएगा।

# त्योहार एवं ग्रहण का असर रजिस्ट्री पर, सोमवार को दर्जनभर हुई आज बोहनी होने की संभावना भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली के त्योहार और चंद्र ग्रहण का असर रजिस्ट्री में दिखाई दे रहा है। होली त्योहार के दो दिन पहले सोमवार को रायपुर पंजीयन कार्यालय में लगभग दर्जनभर ही रजिस्ट्री हुई हैं, वहीं चंद्र ग्रहण के कारण होली के एक दिन पहले मंगलवार को एक भी रजिस्ट्री होगी, इसकी संभावना बहुत कम है।

विभागीय सूत्र से पता चला है कि चंद्रग्रहण के कारण आज एक भी रजिस्ट्री होने की संभावना नहीं है, क्योंकि ग्रहण के कारण लोगों ने इस तारीख को अपॉइंटमेंट ही नहीं लिए हैं और अगर कुछेक लोग लिए भी होंगे, तो वे चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण कैंसिल करा लिए हैं। हालांकि इसकी जानकारी आज दफ्तर खुलने के बाद ही चल पाएगी।

होली त्यौहार के कारण अब प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री भी कम हो गई है।



इसके कारण पंजीयन कार्यालय में भी रजिस्ट्री में भारी गिरावट आई है। सामान्य दिनों में हर रोज जहां 70 से 150 तक रजिस्ट्री होती थी, वहीं होली त्यौहार की वजह से पिछले कुछ दिनों में 50 से भी कम रजिस्ट्री हो रही है। बताया गया कि सोमवार को लगभग दर्जनभर रजिस्ट्री ही हुई है। होली में इस बार शासकीय अवकाश 4 तारीख को है। इस तरह आज भी पंजीयन कार्यालय खुला रहेगा, लेकिन चंद्र ग्रहण के कारण आज रजिस्ट्री की बोहनी होगी। इसे लेकर उप पंजीयकों ने भी संभावना कम जताई है।

# माना-तूता जंगल कटाई के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी, पेड़ों को मित्र मानकर होली मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना-तूता के जंगल में फिल्म सिटी के नाम पर सैकड़ों-हजारों पेड़ों की बेरहमी से कटाई के विरोध में कांग्रेस ने सातवें दिन पेड़ों के साथ होली मनाई। यह प्रदर्शन किसी त्योहार के विरोध में नहीं, बल्कि प्रकृति-हत्या के विरुद्ध है। हम दोनों जिला अध्यक्षों ने स्पष्ट संकल्प लिया है कि इस वर्ष हम होली नहीं मनाएंगे, क्योंकि जब हमारा जंगल, हमारी सांसें, हमारी आने वाली पीढ़ियां कट रही हैं, तो रंगों की होली कैसे मनाई जाए?

बताया गया कि भाजपा के कुछ नेता और प्रवक्ता इस गंभीर पर्यावरण मुद्दे से जनता की नजर हटाने के लिए सबसे घटिया हथकंडे अपना रहे हैं। वे कांग्रेस को सनातन विरोधी कहकर धार्मिक भावनाओं का सस्ता खेल खेल रहे हैं। यह आरोप न केवल झूठा, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय है। कांग्रेस ने मांग की है कि माना-तूता जंगल में सभी पेड़ कटाई तत्काल रोकी जाए। फिल्म सिटी जैसी परियोजना गैर-जंगली भूमि पर स्थानांतरित हो। पर्यावरण नियमों का पालन हो और स्थानीय लोगों की सहमति ली जाए। कार्यक्रम के दौरान रायपुर शहर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हीरेंद्र देवांगन, पार्षद जयंत साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य किरण सिन्हा, गोपाल बाजपेई, जनपद सदस्य कृणाल सिन्हा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल रहे।



### भाजपा की दोगली राजनीति

कांग्रेसियों ने कहा, एक तरफ जंगल काटो, दूसरी तरफ सनातन का ढोंग करो। भाजपा यह बताए कि क्या पेड़ काटना सनातन है? क्या हजारों पेड़ों की हत्या करके विकास का नाम लेना सनातन है? क्या पर्यावरण-हत्या को छिपाने के लिए धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग करना सनातन है? भाजपा के नेता सनातन के नाम पर कमीशन और कटाई की रक्षा कर रहे हैं। यह उनकी पाखंडी मानसिकता और सत्ता के नशे का प्रमाण है।

## ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

# रायपुरा चौक से रिंग रोड तक 2 किलोमीटर की बायपास सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेवघाट खारुन नदी से लगे क्षेत्र और अमलेश्वर सहित आसपास एरिया में लगातार बढ़ रही बसाहट का भार रायपुरा चौक पर पड़ने लगा है। यहां आए दिन ट्रैफिक जाम के कारण जहां राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं दोपहिया, तिपहिया चालक से लेकर चारपहिया वाहन चालकों को लंबे जाम में फंसने की स्थिति निर्मित होती है।

इससे निपटने के लिए रायपुर नगर निगम महादेवघाट से मनुहास रियालिटी होते हुए रिंग रोड तक 2.1 किलोमीटर बायपास सड़क बनायी जाएगी। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत राज्य शासन ने इस कार्य के लिए 30 करोड़ का बजट प्रावधान किया है। नगर निगम का लोक कर्म विभाग इस सड़क का निर्माण कराएगा। रायपुरा चौक में आए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से जूझ रहे लोगों को अब जल्द राहत मिलेगी। इसके लिए नगर निगम रायपुर मुख्यमंत्री नग उत्थान योजना के तहत मनुहास रियालिटी से महादेवघाट तक 30 करोड़ की लागत से सड़क चौड़ीकरण, डामरीकरण और डिवाइडर का निर्माण कराएगा। 2.1 किलोमीटर दायरे तक बनने वाली बायपास पक्की सड़क का निर्माण ट्रैफिक के बढ़े दबाव को कम करने के मकसद से किया जाएगा। वर्तमान में इस सड़क की चौड़ाई 7 से 8 फीट है, जिसे सुगम आवागमन के लिए 14 फीट चौड़ी की जाएगी। यही नहीं सड़क किनारे गंदे पानी के निकास के लिए नाली बनाई जाएगी, पैदल चलने वालों के लिए पेवरब्लाक लगाया जाएगा। साथ ही डिवाइडर निर्माण का भी प्रस्ताव बनाया गया है।



### रायपुर पश्चिम विधायक मूणत ने दिया था प्रस्ताव

*रायपुरा चौक में यातायात के बढ़ते दबाव और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने रायपुरा चौक से बायपास वाली वैकल्पिक सड़क निर्माण का प्रस्ताव दिया था, जिसे स्वीकृत करते हुए राज्य शासन ने इसके लिए 30 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत नई बायपास सड़क का निर्माण 30 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के लोक कर्म विभाग द्वारा ऑनलाइन टेंडर कर निर्माण एजेंसी तय की जाएगी।*





## अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों का होलिका दहन



*अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति द्वारा प्रदेश में प्रतिवर्षानुसार होलिका दहन के अवसर पर विभिन्न सामाजिक अंधविश्वासों, भूत-प्रेत, टोनही प्रताड़ना, झाड़-फूंक, बलि प्रथा, नरबलि, जादू-टोना, डायन प्रताड़ना, छुआछूत, दहेज प्रथा, सती प्रथा, मद्यपान, सामाजिक बहिष्कार आदि कुरीतियों का प्रतीकात्मक होलिका दहन एवं होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों का प्रतीकात्मक दहन सोमवार को शाम 6 बजे महाकोशल कला वीथिका परिसर नगर घड़ी चौक रायपुर में आयोजित किया गया।*

## लाइव इवेंट

### सखी वन स्टॉप सेंटर में भर्ती दावा-आपत्ति 5 से 12 मार्च तक




**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों की जांच पूरी कर ली गई है। अब इन आवेदनों पर दावा-आपत्ति 5 मार्च से 12 मार्च 2026 तक पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। मूल्यांकन सूची जिले की वेबसाइट बिलासपुर डॉट जीओवी डॉट इन (**https://bilaspur.gov.in/**) पर देखी जा सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर के लिए साइको-सोशल काउंसलर, केसवर्कर, पैरालीगल कार्मिक-वकील, पैरामेडिकल कार्मिक, कार्यालय सहायक तथा सुरक्षा गार्ड, नाइट गार्ड पदों के लिए 4 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित समयसीमा के बाद प्राप्त किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

***युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति योजना 2026-27 के तहत प्रविष्टियां की आमंत्रित :*** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ ने अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों एवं विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2026-27 की छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को कला के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। प्रविष्टियां निर्धारित प्रारूप में पूर्ण दस्तावेजों सहित पंजीकृत डाक के माध्यम से 20 मार्च 2026 तक आमंत्रित की गई हैं।

#### वार्षिक आय 72,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए

आवेदक अथवा उसके माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय 72,000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन केवल निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों को नियमानुसार मासिक छात्रवृत्ति प्रोत्साहन राशि 5,000 रुपए से 10,000 रुपए तक प्रदान की जाएगी, जो डीबीटी/ई-पेमेंट के माध्यम से सीधे खाते में अंतरित होगी। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों/छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना 2026-27" अंकित करना अनिवार्य होगा। विलंब से प्राप्त अथवा अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट **www.cgculture.in** पर उपलब्ध है। पत्थर साबित होगी।

## चौक-चौराहों पर विधि-विधान से होलिका में पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना

# होलिका में जलकर भस्म हुई सामाजिक बुराइयां पूजा और अग्नि की परिक्रमा कर निभाई परंपरा

> "लोगों ने दहन से पहले होलिका की जल, रोली, अक्षत और फूलों से पूजा-पाठ कर अग्नि की परिक्रमा की। इससे शरीर और मन की नई साकारात्मक ऊर्जा प्राप्त हुई। सोमवार को शहर में शाम 6 बजे से ही चौक-चौराहों, मोहल्लों व वार्डों में लोगों ने पुरानी सामग्री, सामाजिक बुराइयों के कारकों जैसे नशीले पदार्थों, अंधविश्वास की भाव को होलिका में जलाकर भस्म किया। साथ ही साथ पौराणिक परंपराओं की प्रक्रिया को निभाया।





**रायपुर।** होलिका के समक्ष लोगों ने मन व बहारी वातावरण में व्याप्त नकारात्मक ऊर्जा और जीवन की बाधाओं को भस्म करने होलिका की अग्नि में उपले डालने और परंपराओं को निभाया। लोगों ने होलिका की पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। धार्मिक मान्याताओं व आयुर्वेद के अनुसार गोबर के उपले जलते हैं तो उनसे निकलने वाला धुआं प्राकृतिक एयर-प्यूरीफायर का काम करता है। यह वातावरण में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं और बैक्टीरिया का नाश कर हवा को शुद्ध बनाता है। यही वजह है कि हमारे पूर्वजों ने यज्ञ और हवन में भी इसके उपयोग को अनिवार्य किया है। शहर में जगह-जगह मान्याताओं के अनुरूप होलिका दहन की और आदिकाल से चली आ रही परंपराओं को पूरे विधि-विधान से निभाया गया।

### खुशी व उत्साह का दिखा माहौल

होलिका दहन के पूर्व शहर में जगह-जगह कई सामाजिक व राजनैतिक संगठनों व लोगों ने होली मिलन समारोह में रंग-गुलाल उड़ाया। साथ ही शाम से देर रात तक होलिका दहन को लेकर लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल नजर आया। लोग बड़े उत्साह और आस्था के साथ होलिका दहन कर होली पर्व का आगाज किया।

### महामाया मंदिर में है दशकों पुरानी परंपरा

पुरानी बस्ती स्थित ऐतिहासिक महामाया देवी मंदिर में वर्षों से होलिका दहन की अनोखी परंपरा निभाई जा रही है। यहां होलिका दहन माचिस से नहीं, बल्कि गर्भगृह में दशकों से जल रही अखंड ज्योति से लाई गई अग्नि से किया गया। पूजा के बाद मंदिर प्रांगण में ही होलिका दहन हुआ, जिसकी अग्नि से शहर के अन्य लोगों ने भी अपने क्षेत्र में होली जलाई। मंदिर प्रबंधन के मुताबिक, दशकों पुरानी परंपरा है, जिसमें महामाया मंदिर को केंद्र मानकर आसपास के लोग होलिका दहन करते हैं। मंदिर की पवित्र अग्नि से होलिका दहन को शुभ और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। यह परंपरा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### देवांगन समाज ने मादक पदार्थों की होली जलाई



होलिका दहन के पावन अवसर पर देवांगन कल्याण समाज बिरगांव ने मादक पदार्थों की होली जलाई। सोमवार को समाज के धर्म प्रचार प्रकोष्ठ द्वारा होलिका दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भीखमलाल देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि होली के पावन अवसर पर जहां हम रंग गुलाल खेलते हैं, वहीं बहुत से लोग इसकी आड़ में नशा भी करते हैं। ऐसे में धर्म प्रचार प्रकोष्ठ द्वारा होलिका दहन के अवसर पर मादक पदार्थों की होली जलाई गई, साथ ही संकल्प लिया गया कि भविष्य में नशा नहीं करेंगे और नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं। साथ ही नगर के चौक-चौराहों पर, स्कूलों और बस्तियो में जाकर नशे के खिलाफ अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

### महाराष्ट्र मंडल में भक्त प्रह्लाद की पारंपरिक पूजा, जलाई होली

महाराष्ट्र मंडल परिसर में सोमवार देर शाम को सचिव आचार्य चेतन गोविंद दंडवते ने दीपक किरवईवाले के साथ होली की पारंपरिक पूजा की। होली जलाने से पहले उपस्थति सभासदों ने होली के रूप में भक्त प्रह्लाद की पूजा की। महिलाओं ने होली की पूजा कर प्रदक्षिणा की। होली में प्रतिवर्ष सभासदों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अध्यक्ष अजय मधुकर



काले ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मंडल के सभासदों का भारतीय त्योहारों को लेकर बढ़ता रुझान गौरवान्वित करने वाला है। इस मौके पर मंडल संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, भवन प्रभारी निरंजन पंडित, वरिष्ठजन सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक पात्रीकर, कला व संस्कृति समिति के प्रभारी अजय पोतदार, युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे सहित अनेक सभासदों के साथ उनके बच्चे भी शामिल रहे।

## सिटी इवेंट

### साहित्यकारों को जोड़कर साहित्य को जन-जन तक पहुंचाने किया पुनीत कार्य




> छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल का 85वां स्थापना दिवस, सम्मान समारोह का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल द्वारा स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित हुआ। छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल के प्रमुख सचिव सुनील पांडे ने बताया कि संस्था के 85 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह आचार्य अमरनाथ त्यागी की अध्यक्षता में हुआ। वहीं कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास दूधाधारी मठ रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजाराम त्रिपाठी कृषि वैज्ञानिक, सभा अध्यक्ष डॉ. इंदिरा मिश्रा रिटायर्ड आईएएस एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रकवि डॉ. बृजेश सिंह शामिल रहे। राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने कहा छत्तीसगढ़ की प्राचीनतम संस्था ने मूर्धन्य साहित्यकारों को जोड़कर साहित्य को जन-जन तक पहुंचाया। 1940 में लगाया गया एक छोटा-सा पौधा आज वटवृक्ष का रूप ले चुका है। मंच पर अंबर शुक्ला अंबरीश, डॉ. जेके डागर एवं लतिका भावे उपस्थित रहे। संयोजन गोपाल सोलंकी एवं संचालन सुनील पांडे ने किया। राजेंद्र पांडे ने स्वस्तिवाचन एवं गणेश वंदना की। सरोज दुबे विधा ने स्वागत गीत पढ़ा।

#### इन कवियों ने किया काव्य पाठ

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इसमें कवि डॉ. महेंद्र ठाकुर, संजीव ठाकुर, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, कुमार जगदलवी, डॉ. सरोज दुबे विधा, मोहम्मद हुसैन, यशवंत चतुर्वेदी, चेतन भारती, सविता राय, प्रमिला शुक्ला, छबिलाल सोनी, रामगोपाल शुक्ला, राहुल साहू, सीमा जैन, यशवंत यदु, डॉ. युक्ता राजश्री, सूर्यकांत त्यागी, रूपेश त्यागी सहित नवोदित व वरिष्ठ कवियों ने अपनी रचानाओं से मंत्रमुग्ध किया।

#### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर राजेश्री महंत रामसुंदर दास को स्वामी रामानंदाचार्य साहित्य सम्मान, डॉ. राजाराम त्रिपाठी, मुख्य अतिथि को राष्ट्रीय कृषि रत्न सम्मान, डॉ. इंदिरा मिश्रा को अरविंद साहित्य सम्मान, राष्ट्रकवि डॉ. बृजेश सिंह को पं. राहुल सांकृत्यायन साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। रचनाकारों में शोभा मोहन श्रीवास्तव, राजेंद्र पांडे, आरडी अहिरवार, सुषमा पटेल, कृष्ण मुरारी वर्मा, तेजपाल सोनी, मन्नूलाल यदु जनकवि गोपाल सोलंकी का सम्मान किया गया। लियो क्लब की मासूम लुनिया एवं रिद्धि जैन का भी सम्मान किया गया। हरिभूमि के संवाददाता संजय जोशी को पत्रकारिता सम्मान दिया गया। दीपक गुणवंत व्यास को तानसेन सम्मान से सम्मानित किया गया।

# फोटो प्रदर्शनी में दिखी महापुरुषों के संघर्ष-माटी के प्रति समर्पण की झलक



**रायपुर।** महंत घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित कला वीथिका में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 2 से 3 मार्च तक दोपहर 12 बजे से रात्रि 7 बजे तक लगाई गई। इसका आयोजन छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर क्लाउड एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।

फोटो प्रदर्शनी की थीम छत्तीसगढ़ की विभूतियां, पद्म पुरस्कार प्राप्त महान व्यक्तित्वों की प्रेरक यात्रा-एक फोटो प्रदर्शनी नाम से किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के उन विशिष्ट व्यक्तित्वों की जीवनयात्रा, संघर्ष, उपलब्धियों एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करना है, जिन्हें देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इस संकलित प्रदर्शनी में महान विभूतियों के



व्यक्तित्व और कृतित्व की जीवंत झलक प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक चित्र के साथ संक्षिप्त विवरण भी प्रदर्शित किया गया है। इससे आगंतुकों को उनके जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों और प्रेरक प्रसंगों की जानकारी मिल रही है। संस्कृति संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि यह प्रदर्शनी समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध हो रही है और छत्तीसगढ़ की विभूतियों के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को और अधिक सशक्त बना रही।

#### इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों का संकलन

प्रदर्शनी में शिक्षा, कला, साहित्य, लोकसंस्कृति, समाजसेवा, विज्ञान तथा अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पद्म सम्मानित महानुभावों की उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

#### स्टूडेंट्स और कलाप्रेमियों को कर रहे प्रेरित

छत्तीसगढ़ के महान पुरुषों पर फोटो प्रदर्शनी स्टूडेंट्स और कलाप्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां बड़ी संख्या में पहुंच रहे विद्यालयों, महाविद्यालयों, शोधार्थियों, कलाप्रेमियों एवं आम नागरिक प्रदर्शनी में विभूतियों के जीवन संघर्ष और समर्पण, योगदान को देख प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता दीपेंद्र दीवान का कहना है कि प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने और राज्य की उपलब्धियों पर गर्व की अनुभूति कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अश्विन नगर की संचालिका स्व. जया कसार का निधन 2 मार्च 2024 को हुआ, उनकी स्मृति में रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ियारी में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के महिला खिलाड़ियों का सम्मान कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों द्वारा स्व. जया कसार को विद्यालय के सचिव कमल कसार, आदित्य कसार, प्राचार्य डॉ. श्वेता वासनिक, रानी शर्मा, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं दो मिनट का मौन धारण किया गया। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए।

## छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का आयोजन

कार्नर न्यूज

# साइंस सेंटर में छात्रों ने हाइड्रो रॉकेट से समझे न्यूटन के नियम, अंतरिक्ष के रहस्यों से हुए रूबरू

**रायपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटरऔर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली छात्रों के लिए 'हाइड्रो रॉकेट कार्यशाला' और 'नाइट स्काई गेजिंग' का अद्भुत नजारा पेश किया गया, जिसने बच्चों के भीतर विज्ञान के प्रति भारी रोमांच और जिज्ञासा भर दी।कार्यक्रम का शुभारंभ वैज्ञानिक (E-1) एम.के. बेग ने किया। उन्होंने महान वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन के 'रमन प्रभाव' को याद करते हुए रिमोट सेंसिंग और रिसोर्स सैटेलाइट के फायदों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे आज उपग्रह आधारित आंकड़ों की मदद से कृषि उत्पादन, आपदा प्रबंधन, वन क्षेत्र और जल संसाधनों की सटीक निगरानी की जा रही है।





#### जिज्ञासा ही खोज का पहला कदम

कार्यक्रम के दौरान परियोजना निदेशक (प्रभारी) डॉ. शिरीष कुमार सिंह ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि 'जिज्ञासा ही खोज का प्रथम चरण है।' उन्होंने युवाओं को तर्कशील बनने और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में करियर बनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव के इस संगम ने विज्ञान दिवस को बेहद खास बना दिया।

#### हाइड्रो रॉकेट से सीखे न्यूटन के नियम

इस कार्यशाला में इसरो के पंजीकृत स्पेस ट्यूटर के तकनीकी सहयोग से 120 से अधिक स्कूली बच्चों को रॉकेट विज्ञान के सिद्धांत समझाए गए। सबसे खास पल 'हाइड्रो रॉकेट' का प्रत्यक्ष प्रक्षेपण रहा। इसके जरिए बच्चों ने वायु दाब, थ्रस्ट और 'न्यूटन के गति के तीसरे नियम' को बेहद आसान और व्यावहारिक तरीके से अपनी आंखों के सामने समझा। इस कार्यशाला में दलदल सिवनी, बरौदा, खरोरा, नरदहा और आमासिवनी के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सुबह के सत्र में बच्चों को विशेष सोलर फिल्टर युक्त दूरबीन से सूर्य की सतह पर होने वाली हलचल और 'सूर्य कलंकों' का सुरक्षित अवलोकन कराया गया। वहीं, शाम के समय आयोजित 'प्लानेटरी परेड' में छात्रों के साथ-साथ आम जनमानस की भी भारी भीड़ उमड़ी। टेलीस्कोप के जरिए लोगों ने एक कतार में सजे ग्रहों की अद्भुत खगोलीय घटना को करीब से देखा और उनकी कक्षीय गति के वैज्ञानिक कारणों को जाना।

## सिटी लाइव

# नशा समाज को विकलांग बना रहा इसे रोकने की पहल करे सरकार



**रायपुर।** मानस मर्मज्ञ दीदी मां मंदाकिनी ने सोमवार को बढ़ती नशावृत्ति पर गहरी चिंता जाहिर की। नशे में लिप्त युवा पीढ़ी परिवार और समाज से दूर जा रही है। नशा समाज को धीरे-धीरे विकलांग बना रहा है। यही स्थिति रही तो भारत विश्वगुरु नहीं, बल्कि विकलांग गुरु जरूर बन जाएगा। सत्संग, कथा के माध्यम से उन्हें नशाखोरी से दूर रहने के लिए हमेशा कहते हैं, लेकिन जब तक सरकार की ठोस नीतियां नहीं बनेंगी, रोक पाना संभव नहीं। घर में माता-पिता को भी सजग रहना होगा कि उनके बच्चे कहीं नशा तो नहीं करने लगे हैं। मदिरापान से शरीर को केवल नुकसान ही होगा, इसलिए कथा सत्संग या मंदिरों में जाएं, भले ही दिखावे के लिए सही, पर वहां जाने से आध्यात्म और परमात्मा से जुड़ने की भावना से आत्मबल बढ़ेगा। शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में प्रवचन की अंतिम कड़ी में उन्होंने कहा कि सरकार को सिर्फ अर्थ लाभ के लिए नशे के कारोबार को पनपने से रोकना होगा।

***विवाद पर कोई टिप्पणी करना भी उचित नहीं*** : सरकार अपनी योजनाओं को प्रचारित करने के लिए जिस प्रकार संसाधनों का उपयोग करती है, नशे को रोकने के लिए भी वैसा ही प्रयोग होना चाहिए। टीवी-मोबाइल व अन्य माध्यमों से बार-बार प्रचारित किया जाना चाहिए कि शराब किस प्रकार से शरीर के लिए नुकसानदायक है। आजकल तो छोटे बच्चे तक दिनभर टचस्क्रीन मोबाइल से चिपके रहते हैं। अगर वर्तमान सचेत नहीं हुए तो नई पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। कुछ धर्माचारियों के बीच चल रहे विवाद पर दीदी मां ने कहा कि इस विषय पर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं है।

### नशे के आदी हो जाएंगे तो समाज नहीं बचेगा

उन्होंने कहा कि हर साल कथा सत्संग के लिए छत्तीसगढ़ आने का सौभाग्य मिलता है। यहां के लोग भी इस विषय को प्रमुखता से चर्चा का हिस्सा बनाते हैं। शराब ही नहीं, बल्कि नशे की बढ़ती प्रवृति चिंतनीय है। मदिरा बिक्री से निश्चित रूप से सरकार को अर्थ लाभ हो रहा है, इसका उदाहरण मैंने कोविड के समय देखा। जब सभी दरवाजे बंद थे, लेकिन मदिरापान का दरवाजा हमेशा खुला था। जब सभी लोग नशे के आदी हो जाएंगे तो समाज भी नहीं बचेगा। नशा करने वालों के शरीर में कुछ रह गया है तो वह बीमारी है। स्वास्थ्य तो कहां चला गया है, पता ही नहीं है। शरीर अस्वस्थ और मन घोर दरिद्रता से लिप्त है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति और समाज का विकास संभव नहीं है।

## कैंपस लाइव

# बच्चों को सुनाई होलिका की कहानी



**रायपुर** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने अपने वार्ड के बच्चों के बीच होली का उत्सव मनाया। नेता प्रतिपक्ष ने बच्चों को बताया कि होलिका भगवान नारायण के भक्त प्रहलाद की बुआ का नाम था। भक्त प्रहलाद दैत्यों के राजा हिरण्यकश्यप का पुत्र था। जब होलिका भक्त प्रहलाद को गोद में लेकर बैठी और आग लगाई गई तो ईश्वर के अनन्य भक्त प्रहलाद का शरीर बच गया और होलिका उस अग्नि में जल गई। उन्हीं के प्रतीक अनुसार होलिका दहन आज भी किया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की सदैव जीत को बताता है।

### बुजुर्गों को रंग लगाकर लिया आशीर्वाद, बांटा गुलाल



**रायपुर।** नगर निगम के एमआईसी सदस्य व पार्षद अमर गिदवानी एवं सिविल लाइंस मंडल के अध्यक्ष सुनील कुकरेजा ने पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड-57 के अरविंद नगर बस्ती दुर्गा मंदिर के पास, स्व. पांचू बाग भवन कुंडरापारा बस्ती में, अरविंद नगर बस्ती पंजाबी कॉलोनी में रंग-गुलाल वितरित कर वार्ड के रहवासियों को होली पर्व की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। रंग-गुलाल वितरण में तेज कुमार बजाज, जित्तू टांडी, प्रकाश गौवाली, मनीष थरानी, हरीश बाघ, गौरव कुमार, लवी ठाकुर, अंकित निहाल, नीरू नायक, नारायण बाघ, इम्तियाज, विक्रम, मुकुल, हर्ष बंदे, सुनील शर्मा, अनीता भोई आदि ने भी मिलकर सहयोग दिया।

● राजधानी के स्कूल-कॉलेजों में छलका उत्साह, सीएम साय ने पत्रकारों संग प्रेस क्लब में खेली होली

# प्री-होली सेलिब्रेशन में उड़ा रंग-गुलाल, फाग गीतों की महफिल में रही चौतरफा धूम, संस्थाओं में मनाया उत्सव

स्कूल कैंपस समेत सार्वजनिक आयोजनों में भी प्री-होली सेलिब्रेशन का सिलसिला सोमवार को दिनभर चला। जगह-जगह फाग गीतों की महफिल सजने से उत्सव की चौतरफा धूम रही। किसी ने फूलों से होली खेलते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तो किसी आयोजन में हर्बल रंग और गुलाल उड़ाने की होड़ मची। इस बीच कई महिला संगठनों ने होली मिलन का आयोजन करते हुए उत्सव का रूप देने में कसर नहीं छोड़ी। वहीं मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में सोमवार शाम होली मिलन समारोह में सीएम विष्णु देव साय सहित मंत्री और विधायक भी पत्रकारों की महफिल में शामिल हुए। होली गीतों पर सीएम ने नगाड़ा बजाते हुए अवसर को यादगार बनाया।



**रायपुर** प्रेस क्लब वर्षों से होली मिलन और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का काम कर रहा है। यह परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहनी चाहिए। इस अवसर प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू और भूपेश जांगड़े ने अतिथियों को मिर्ची की माला, त्रिशूलनुमा पिचकारी भेंट करते हुए आत्मीय स्वागत किया।



### दिव्यांग बच्चों के खिले चेहरे



अर्पण दिवंग स्कूल में दिव्यांग बच्चों के साथ होली का पर्व मनाया गया। कांग्रेस कमेटी के सचिव दिलीप सिंह चौहान के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। बच्चों को होली के कपड़े, मिठाइयां, फल, पिचकारी, रंग-गुलाल वितरित किया। इस अवसर दिव्यांग बच्चों के साथ होली का पर्व मनाते हुए सभी ने बच्चों के साथ मिलकर उसे उत्सव का रूप दिया। ओम श्रीवास, सानू राजा, विष्णु गुप्ता, जावेद खान ने इस आयोजन को सफल बनाया।

### इन स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने खेली होली

शहर के दानी गर्ल्स और सेजबहार स्थित सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने होली पर्व की छुट्टी मिलने के बाद रंग और गुलाल से दोस्तों के साथ प्री-सेलिब्रेशन किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुलाल का टीका लगाने और आशीष लेने के बाद क्लास रूप के बाहर निकले। सभी ने सहपाठियों को गुलाल और रंग लगाते हुए रंगोत्सव की बधाई दी। यह सिलसिला सुबह से लेकर दोपहर तक चला। उत्सव के बीच किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए, इसके लिए गुरुओं ने मार्गदर्शन किया।

### कपड़ा मार्केट में सिंधी काउंसिल ने बांटा गुलाल



सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा निशुल्क गुलाल वितरण की पहल पंडरी कपड़ा मार्केट में किया गया। काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि बीस हजार पैकेट लोगों को बांटे गए। विशेष अतिथि अनुज गोयल ने सभी को होली की बधाई दी। हर्बल गुलाल का उपयोग करने का आव्हान पंडरी कपड़ा मार्केट के अध्यक्ष सरल मोदी ने किया। सिंधी काउंसिल के कार्य को सराहा। गुलाल वितरण में जितेंद्र मलघानी, जीतू लोहाना ने शामिल होने के साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने में भी सहयोग दिया। आते-जाते लोगों ने भी काउंसिल द्वारा की गई पहल को रिस्पांस दिया।

### नगाड़े की थाप पर जमकर झूमे प्रदेश के मुखिया



धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा द्वारा आयोजित 'होली मिलन समारोह' में उत्साह और उमंग का संगम देखने को मिला। इसमें सीएम विष्णु देव साय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह का मुख्य आकर्षण रहा, जब सीएम साय खुद को रोक नहीं पाए और पारंपरिक वाद्ययंत्र नगाड़ा बजाने लगे। इस दृश्य को देख वहां मौजूद जनसैलाब झूम उठा। फाग गीतों की धुनों और नगाड़े की थाप ने पूरे वातावरण को फागुनी रंग से सराबोर किया। इससे पहले विधायक श्री शर्मा ने सीएम का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि आज हम पर्व की खुशी का हिस्सा बने हैं, यही हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की असली पहचान है। होली मिलन में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक सुनील सोनी ,मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, मोना सेन, नवीन अग्रवाल, संदीप यदु शामिल हुए।

### रंगों के पर्व की बताई महत्ता, बच्चों ने जमाया रंग



डीडीनगर और लक्ष्मीनगर ब्रांच में पढ़ने वाले वंडर किड्स एकेडमी के नन्हे विद्यार्थियों ने दुर्गा गार्डन सेक्टर-1 में उत्सव मनाया। यह केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का एक शिक्षाप्रद प्रयास रहा। इसमें बच्चों ने फूलों की होली खेलते हुए प्राकृतिक गुलाल के साथ सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली खेली। शिक्षिका किरण साहू ने बताया कि प्रिंसिपल पल्लवी मिश्रा ने प्रहलाद और होलिका के प्रेरक प्रसंग को सुनाते हुए होलिका के महत्तव पर प्रकाश डालते हुए बेहतर माहौल दिया।

### फूलों की होली से महकी फिजा, योग-संस्कृति और सौहार्द्र का अनूठा संगम






छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा फूलों की होली समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के नेतृत्व में योग, सौहार्द एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय शामिल हुईं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्त एवं सात्विक होली मनाने का संकल्प दिलाया एवं प्रत्येक व्यक्ति से अपने परिवार, मित्रों और समाज के कम से कम तीन सदस्यों को योग से जोड़ने का आव्हान किया।

#### ये रहे उपस्थित

विशिष्ट अतिथियों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर-दक्षिण के विधायक सुनील कुमार सोनी, रायपुर-ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन (नागरिक आपूर्ति) के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस) एवं राज्य के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### गीत -संगीत से महिलाओं ने सेलिब्रेट की होली




महादेवघाट के पास स्थित फार्म हाउस में उपासना सेवा फाउंडेशन व सदावर्ती फाउंडेशन ने गीत-संगीत की महफिल सजाते हुए जहां होली सेलिब्रेट किया। वहीं महिला दिवस भी धूमधाम से मनाया। इस कड़ी में 61 महिलाओं का साहसिक नारी के रूप में सम्मानित भी किया गया। इसमें महिलाओं द्वारा किए गए कार्यों और उनके साहस को ध्यान में रखते हुए चयन किया गया। इसके आधार पर उनका सम्मान किया गया। शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देते हुए उनके कार्यों को याद किया। इसके बाद महिलाओं ने रैंप वॉक व होली के रंगों के साथ होली उत्सव मनाया। प्री-होली सेलिब्रेशन की एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं और इसके बाद उत्सव का समापन किया।

# सिंधियत दिवस पर ग्राहकों को खरीदी में मिलेगा डिस्काउंट



**रायपुर।** सिंधियत दिवस चेट्रीचंड महोत्सव के शुभ अवसर पर ग्राहकों के लिए डिस्काउंट ऑफर चलाया जा रहा है। विश्व सिंधी सेवा संगम की रायपुर इकाई द्वारा इस कड़ी में सोमवार को एक ब्रोशर का विमोचन संत युधिष्ठिर लाल ने किया। सिंधी समाज के सभी व्यापारियों द्वारा साप्ताहिक 13 मार्च से 20 मार्च तक ग्राहकों को खरीदी पर सुविधानुसार छूट दी जाएगी। विमोचन के साथ ही जीवन अनमोल हास्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर भीष्म शदाणीर ने 66 प्रतिशत और बॉम्बे डायग्नोस्टिक सेंटर की संचालिका डॉ. राजकुमारी बडवानी द्वारा 20 प्रतिशत, लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक द्वारा 10 प्रतिशत, डायरी हाऊस द्वारा 5 प्रतिशत डिस्काउंट की घोषणा की गई। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी अमित जीवन, किशोर आहूजा, राजू भाई तारवानी, राजकुमार सोनी, राम खटवानी, राजा माखीजा उपस्थित रहे। विश्व सिंधी सेवा संगम का यह सेवा कार्य का लगातार पांचवा वर्ष है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

GST रजिस्ट्रेशन नंबर बनवाएं मात्र 500/- में
2 साल पुरानी ITR फाईल बनवाएं मात्र 2000/- में
CMA DATA | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | FOOD लाइसेंस | UDYAM-MSME | TDS रिफंड | Whatsapp पर बनवाएं
C-74 Sector 1, Devendra Nagar, Near Jubesta Hospital
Beside Adarsh School, Pandri, Raipur
संपर्क : शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम-विन्डो हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

## ज्योतिष

# चंद्र ग्रहण का इन राशियों पर पड़ेगा विशेष प्रभाव, तरक्की के योग



ग्रहण की यह खगोलीय घटना केवल वैज्ञानिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि धार्मिक और ज्योतिषीय रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। वहीं यह ग्रहण सूर्य की राशि सिंह में लगने जा रहा है। इसलिए इस ग्रहण का प्रभाव 12 राशियों पर देखने को मिलेगा लेकिन कुछ राशियों के लिए यह समय करियर, कारोबार और आर्थिक उन्नति के नए द्वार खोल सकता है।

**मेष राशि :** मेष राशि वालों के लिए यह ग्रहण करियर में नई जिम्मेदारियों और पदोन्नति के संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग ला सकती है। अधिकारियों से सराहना मिलने के योग हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को नई डील या साझेदारी का लाभ मिल सकता है।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। सरकारी या प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिल सकता है। निवेश से जुड़े फैसले सोच-समझकर लें, लेकिन लाभ के संकेत प्रबल हैं। साथ ही इस समय आपको मेहनत के साथ- साथ भाग्य का भी साथ मिल सकता है।

**धनु राशि :** धनु राशि वालों के लिए यह ग्रहण आर्थिक दृष्टि से शुभ संकेत दे रहा है। करियर में बदलाव या नई नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार में विस्तार की योजना बना रहे लोगों को सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सफलता मिलने की संभावना है।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह समय स्थिरता और लाभ का संकेत दे रहा है। संपत्ति या निवेश से लाभ हो सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है लेकिन आपको इस समय मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है।

## 15 मार्च से वृष, कुंभ, और मिथुन राशि वालों को करियर और कारोबार में लाभ



ज्योतिष पंचांग के अनुसार 15 मार्च से एक विशेष त्रिग्रही योग बनने जा रहा है। आपको बता दें कि जब एक ही राशि या भाव में तीन प्रमुख ग्रह एक साथ आ जाते हैं, तो उसे त्रिग्रही योग कहा जाता है। ज्योतिष अनुसार 15 मार्च को सूर्य, शनि और शुक्र त्रिग्रही योग बनाएंगे। सूर्य इस दिन मीन राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पहले से शुक्र और शनि देव विराजमान हैं। ऐसे में इस योग के बनने से वृष, कुंभ और मिथुन राशि वालों के लिए करियर, व्यापार और आर्थिक मामलों में सकारात्मक परिणाम देने वाला हो सकता है।

**वृष राशि :** यह योग आपकी राशि से इनकम और लाभ स्थान पर बनने जा रहा है। इसलिए यह योग कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां और पदोन्नति के संकेत दे सकता है। लंबे समय से अटके काम पूरे हो सकते हैं। व्यापारियों को नई डील मिलने की संभावना है। निवेश से लाभ मिल सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलने की संभावना है।

**कुंभ राशि :** यह योग आपकी गोचर कुंडली से धन भाव पर बनेगा। इसलिएयह समय नेटवर्किंग और नए अवसरों का हो सकता है। सरकारी या कॉर्पोरेट सेक्टर में कार्यरत लोगों को सम्मान मिलने की संभावना है। पार्टनरशिप में लाभ के योग हैं। शनि की ऊर्जा मेहनत का पूरा फल दिला सकती है। आपकी वाणी में प्रभाव बढ़ सकता है।

**मिथुन राशि :** त्रिग्रही योग बनने से मिथुन राशि वालों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। यह योग आपकी राशि से कर्म भाव पर बनने जा रहा है। मार्केटिंग, मीडिया और कम्युनिकेशन से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होने की संभावना है। शुक्र की कृपा से आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### गलत रंगों का प्रयोग जीवन में तनाव और दरिद्रता ला सकता है

# होली पर रंगों का गलत चुनाव बिगाड़ सकता है आपकी किस्मत, सुख-समृद्धि के लिए अपनाएं ये वास्तु टिप्स

होली का त्यौहार केवल मौज-मस्ती और रंगों का मिलन नहीं है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, होली के दिन इस्तेमाल होने वाले रंगों का हमारे मानसिक स्वास्थ्य, भाग्य और भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यदि हम वास्तु के नियमों के अनुसार सही रंगों का चयन करते हैं, तो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और सफलता का संचार होता है। इसके विपरीत, गलत रंगों का प्रयोग जीवन में तनाव और दरिद्रता ला सकता है। वास्तु विशेषज्ञ बताते हैं कि हर रंग की अपनी एक ऊर्जा होती है, जो हमारे चक्रों को प्रभावित करती है। इसलिए इस होली अपनी राशि और जरूरतों के हिसाब से ही रंगों का चुनाव करें।



## लाल रंग: आत्मविश्वास और करियर में सफलता का मंत्र

वास्तु शास्त्र में लाल रंग को शक्ति, साहस और प्रेम का प्रतीक माना गया है। जो लोग अपने करियर में नई शुरुआत करना चाहते हैं या आत्मविश्वास की कमी महसूस करते हैं, उन्हें लाल गुलाल से होली खेलनी चाहिए। यह रंग शरीर में नई ऊर्जा भरता है और रिश्तों में गर्माहट लाता है। कार्यक्षेत्र में प्रगति की इच्छा रखने वालों के लिए लाल रंग का तिलक लगाना काफी शुभ माना जाता है।

## पीला रंग: घर में लाएगा खुशहाली और आर्थिक मजबूती

पीले रंग का सीधा संबंध भगवान विष्णु और देवगुरु बृहस्पति से होता है। यह रंग ज्ञान, शुभता और फिनांशियल स्टेबिलिटी का प्रतिनिधित्व करता है। छात्रों और नौकरीपेशा लोगों के लिए पीला रंग सबसे उत्तम है। वास्तु के अनुसार, होली पर पीले रंग का उपयोग करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और नकारात्मकता दूर होती है। यह रंग मन को प्रसन्न और विचारवान बनाने में मदद करता है।

## गुलाबी रंग: रिश्तों की कड़वाहट को करेगा दूर

गुलाबी रंग को स्नेह और कोमलता का प्रतीक माना जाता है। यदि आपके पारिवारिक रिश्तों या पार्टनर के साथ गलतफहमियां चल रही हैं, तो गुलाबी गुलाल का प्रयोग करें। वास्तु के अनुसार, यह रंग हृदय चक्र को प्रभावित करता है, जिससे लोगों के बीच आपसी प्रेम और अपनापन बढ़ता है। यह जीवन में सौहार्दपूर्ण बदलाव लाने के लिए सबसे प्रभावी रंग है।

## भूलकर भी न करें इन रंगों का इस्तेमाल

वास्तु शास्त्र के अनुसार, होली के पावन उत्सव पर काले या बहुत अधिक गहरे रंगों के प्रयोग से बचना चाहिए। काले रंग को राहु और शनि की भारी ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जो जीवन में अचानक बाधाएं और नकारात्मक विचार पैदा कर सकता है। होली खुशियों का त्यौहार है, इसलिए हमेशा चमकीले और सात्विक रंगों को प्राथमिकता दें ताकि आपकी किस्मत भी इन्हीं रंगों की तरह चमक उठे।



# दिन में नींद लेना फायदेमंद होता है या नुकसानदायक...?

थकान की वजह से लोग दिन में सोना पसंद करते हैं। बात जब दिन में नींद लेने की आती है तो इसको लेकर कई गलतफहमियां फैली हुई हैं। कुछ लोग मानते हैं कि दिन में नींद लेना आलस्य की निशानी है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इस लेख में हम इन गलतफहमियों की हकीकत जानेंगे और समझेंगे कि वास्तव में दिन में नींद लेना फायदेमंद है या नहीं।

**भ्रम- दिन में नींद लेना आलस्य है :** कई लोग मानते हैं कि दिन में नींद लेना आलस्य की निशानी है और इसे नहीं करना चाहिए। सच्चाई यह है कि अगर आप रात को पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं तो दिन में 20-30 मिनट की नींद लेना फायदेमंद हो सकता है। यह आपके ऊर्जा स्तर को बढ़ाता है और आपको तरोताजा महसूस कराता है। इसलिए इसे आलस्य न समझें, बल्कि अपनी जरूरत के अनुसार इसे अपनाएं।



**भ्रम - दिन में नींद लेना नुकसानदायक होता है :** कुछ लोग यह मानते हैं कि दिन में नींद लेना नुकसानदायक होता है और इससे सेहत पर बुरा असर पड़ता है। हालांकि, अगर आप दिन में 20 मिनट की छोटी नींद लेते हैं तो यह आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा हो सकता है। यह आपके दिमाग को आराम देता है और इससे आपकी थकान भी कम हो सकती है। इसलिए इसे नुकसानदायक न समझें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

**भ्रम- केवल बच्चों को ही दिन में नींद लेनी चाहिए :** बहुत से लोग यह मानते हैं कि केवल बच्चों को ही दिन में नींद लेनी चाहिए, जबकि बड़ों को ऐसा करने की जरूरत नहीं होती। सच्चाई यह है कि बड़े लोग भी अपनी ऊर्जा को वापस पाने के लिए दिन में नींद ले सकते हैं। यह उनकी काम करने की क्षमता को बढ़ाता है और उन्हें तरोताजा महसूस कराने में मदद करता है। इसलिए इसे केवल बच्चों तक सीमित न समझें, बल्कि बड़े भी इसका लाभ उठा सकते हैं।

### भ्रम- दिन में ज्यादा देर तक नींद लेना अच्छा होता है

कुछ लोग यह मानते हैं कि दिन में ज्यादा देर तक नींद लेना अच्छा होता है, जबकि ऐसा नहीं है। ज्यादा देर तक झपकी लेने से आपकी रात की नींद प्रभावित हो सकती है और आपको ठीक तरह से नींद नहीं आएगी। इसलिए, 20-30 मिनट की छोटी नींद लेना ही सबसे अच्छा होता है, ताकि आपकी रात की नींद पर कोई असर न पड़े और आप तरोताजा भी महसूस करें।

### भ्रम- दिन में नींद लेना सिर्फ कामकाजी लोगों के लिए जरूरी

कुछ लोगों का मानना है कि सिर्फ कामकाजी लोगों को दिन में नींद लेने की जरूरत होती है, ताकि वे थकान दूर कर सकें। सच्चाई यह है कि हर किसी को नींद लेने की जरूरत होती है, चाहे वह कामकाजी हो या नहीं। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और आपको तरोताजा महसूस कराता है। इसलिए इसे सिर्फ कामकाजी लोगों तक सीमित न समझें, बल्कि सभी इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है मूंगफली की चिक्की, जानिए इसके बेहतरीन फायदे

मूंगफली की चिक्की एक लोकप्रिय भारतीय मिठाई है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि इसमें कई सेहत के लिए फायदेमंद गुण भी होते हैं। यह एक पौष्टिक नाश्ता है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक पसंद करते हैं। मूंगफली की चिक्की में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन्स की भरपूर मात्रा होती है, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। आइए जानते हैं कि मूंगफली की चिक्की खाने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।



**प्रोटीन का अच्छा स्रोत है मूंगफली की चिक्की :** मूंगफली की चिक्की में प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो हमारे शरीर के लिए जरूरी है। प्रोटीन मांसपेशियों को मजबूत बनाने और शरीर की मरम्मत करने में मदद करती है। इसके अलावा यह हमें ऊर्जा भी देती है। खासकर बच्चों और व्यायाम करने वालों के लिए यह एक बेहतरीन नाश्ता है, जो उन्हें पर्याप्त प्रोटीन प्रदान करता है और उनकी ऊर्जा स्तर को बनाए रखता है।

**दिल की सेहत के लिए फायदेमंद :** मूंगफली की चिक्की में मौजूद अच्छे फैट दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये फैट रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित रखते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं। नियमित रूप से सीमित मात्रा में मूंगफली की चिक्की खाने से दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है और रक्त संचार बेहतर होता है।

**दिमाग के लिए है फायदेमंद :** मूंगफली की चिक्की में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो दिमाग को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। ये पोषक तत्व दिमाग की कार्यक्षमता को सुधारते हैं और मानसिक थकान को कम करते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं। नियमित रूप से सीमित मात्रा में मूंगफली की चिक्की खाने से दिमागी बीमारियों का खतरा कम होता है और मानसिक सक्रियता बेहतर होती है।

**हड्डियों को मजबूत बनाने में है सहायक :** मूंगफली की चिक्की में ऐसे खनिज पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। ये खनिज हड्डियों की संरचना को मजबूत करते हैं और उन्हें स्वस्थ रखते हैं।

# ढोकला खाने के शौकीनों के लिए हैं इसके कई प्रकार, खाने वालों को आएंगे पसंद

ढोकला एक लोकप्रिय गुजराती नाश्ता है, जिसे आमतौर पर हल्के भोजन के रूप में खाया जाता है। यह प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है, जिससे यह सेहत के लिए भी फायदेमंद है। आज हम आपको 5 अलग-अलग प्रकार के ढोकले की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं। इन रेसिपी को आजमाकर आप अपने मेहमानों को भी प्रभावित कर सकते हैं।

**पनीर ढोकला :** पनीर ढोकला एक बेहतरीन विकल्प है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी को पसंद आएगा। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बेसन को पानी में घोलकर उसमें नमक, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। इसे थोड़ी देर के लिए ढककर छोड़ दें। अब इसमें कद्दूकस किया हुआ पनीर मिलाएं और फिर इसे भाप में पकाएं। पकने के बाद इसे धनिया और हरी मिर्च की चटनी के साथ परोसें। ऊपर से तड़का लगाना न भूलें।

**रवा ढोकला :** रवा ढोकला एक आसान और जल्दी बनने वाला नाश्ता है, जिसे आप सुबह या शाम के खाने में बना सकते हैं। इसके लिए सूजी को पानी में घोलकर उसमें नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर मिलाएं और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। अब इसमें खाने का सोडा मिलाकर इसे भाप में पकाएं। पकने के बाद ऊपर से तड़का लगाने



के लिए तेल गर्म करके उसमें राई, जीरा, हरी मिर्च डालें और इसे ढोकले पर डाल दें।

**पालक ढोकला :** पालक ढोकला एक सेहतमंद विकल्प है, जिसमें पालक की पौष्टिकता शामिल होती है। इसे बनाने के लिए पालक को पीसकर उसका पेस्ट बनाएं। अब बेसन को पानी में घोलकर उसमें नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर मिलाएं और इसमें पालक का पेस्ट मिलाएं। फिर इसमें खाने का सोडा मिलाकर इसे भाप में पकाएं। पकने के बाद ऊपर से तड़का लगाने के लिए तेल गर्म करके उसमें राई, जीरा, हरी मिर्च डालें और इसे ढोकले पर डाल दें।

**खांडवी ढोकला :** खांडवी ढोकला एक बहुत ही खास और स्वादिष्ट नाश्ता है। इसे बनाने में थोड़ा समय लगता है, लेकिन इसका स्वाद अनोखा है। इसके लिए बेसन और दही को मिलाकर पतला घोल तैयार करें और उसे तवे पर फैलाएं, फिर इसे रोल करें। इसी प्रकार सारे घोल को रोल करके काट लें।

**कार्नर न्यूज**

### अपनाएं ये घरेलू उपाय और पाएं खिली-खिली त्वचा

# होली पर केमिकल वाले रंगों से डरने की जरूरत नहीं, सुरक्षा जरूरी

रंगों का महापर्व होली दस्तक देने वाला है और बाजारों में गुलाल की महक गूंजने लगी है। हालांकि, उत्साह के बीच स्किन डैमेज का खतरा भी बढ़ जाता है। बाजार में मिलने वाले सिंथेटिक रंगों में मौजूद हानिकारक केमिकल्स त्वचा को रूखा और बेजान बना देते हैं। कई बार इनसे स्किन फटने और एलर्जी की समस्या भी हो जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर आप होली खेलने से पहले सही स्किन केयर रूटीन अपनाते हैं, तो इन समस्याओं से आसानी से बच सकते हैं। आइए जानते हैं वे आसान घरेलू नुस्खे जो आपकी त्वचा को सुरक्षा कवच प्रदान करेंगे।



## नारियल तेल का सुरक्षा कवच

होली के जिद्दी रंगों से बचने के लिए नारियल तेल सबसे प्रभावी उपाय है। यह त्वचा को गहराई से मॉइश्चराइज करता है और ऊपर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है। रात को सोने से पहले चेहरे और शरीर की नारियल तेल से मालिश करें। इससे त्वचा हाइड्रेटेड रहती है और रंग रोमछिद्रों के अंदर नहीं जा पाता। सुबह होली खेलने से पहले भी इसे लगाना फायदेमंद होता है।

## बेसन और दही का मैजिकल फेस पैक

त्वचा की रंगत निखारने के लिए बेसन और दही का मिश्रण सदियों से आजमाया जा रहा है। होली से कुछ दिन पहले इस पैक का नियमित इस्तेमाल शुरू कर दें। बेसन और दही को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें और इसे चेहरे पर लगाएं। यह प्राकृतिक क्लींजर की तरह काम करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाकर त्वचा को स्वस्थ बनाता है। इससे रंगों का असर कम होता है।

## सरसों और बादाम तेल का इस्तेमाल

चेहरे, गर्दन और हाथ-पैरों पर सरसों या बादाम का तेल लगाना एक पारंपरिक और सटीक तरीका है। यह तेल त्वचा पर एक 'नेचुरल शील्ड' की तरह काम करता है। सरसों के तेल की चिपचिपाहट रंगों को त्वचा पर चिपकने नहीं देती, जिससे बाद में रंग आसानी से छूट जाते हैं। बादाम का तेल विटामिन-E से भरपूर होता है, जो स्किन को पोषण देता है।



## एलोवेरा जेल से पाएं ठंडक


केमिकल वाले रंगों से होने वाली जलन को रोकने के लिए एलोवेरा जेल रामबाण है। यह त्वचा को ठंडक देने के साथ-साथ उसे अंदर से रिपेयर करता है। होली के सीजन में रोजाना एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। यह त्वचा की नमी को बरकरार रखता है और उसे बाहरी नुकसान से बचाने में मदद करता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# जेंडया और टॉम हॉलैंड ने की गुपचुप शादी स्टाइलिस्ट का दावा

हॉलीवुड के क्यूट कपल जेंडया और टॉम हॉलैंड ने गुपचुप शादी कर ली है! जी हां, यह दावा किया है सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट लॉ रोच ने। एक्टर अवार्ड्स 2026



के रेड कारपेट पर बातचीत के दौरान, रोच ने हिंट दिया है कि 'स्पाइडर मैन' कपल ने शायद शादी कर ली है। लॉ रोच, कई साल से जेंडया के साथ मिलकर काम कर रही हैं। जब 'एक्सेस हॉलीवुड' ने इवेंट के दौरान लॉ रोच से कपल के रिश्ते के बारे में पूछा गया, तो सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट ने कहा, 'उनकी शादी पहले ही हो चुकी है।' रविवार, 1 मार्च को मौका था साल 2026 के एक्टर अवार्ड्स में रेड कार्पेट का। इस दौरान लॉ रोच मीडिया से बात कर रही थीं। जेंडया की लंबे समय से स्टाइलिस्ट ने कहा, 'शादी पहले ही हो चुकी है।' इसके बाद उन्होंने मजाकिया लहजे में आगे मीडिया से कहा', 'आपने इसे मिस कर दिया।' इस पर रिपोर्टर ने फिर पूछा, 'क्या यह सच है?' लॉ रोच ने हंसते हुए जवाब दिया, 'बिल्कुल, यह बहुत ही सच्ची बात है!' लॉ रोच के दावे के बाद जहां सोशल मीडिया पर फैंस दीवाने हो गए हैं, वहीं बीते साल सगाई की अटकलें वाली खबरें फिर से वायरल हो रही हैं। 5 जनवरी को 2025 के गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स के दौरान 29 साल की जेंडया अपने बाएं हाथ की रिंग फिंगर में डायमंड की अंगूठी पहने नजर आई थीं। तब टीएमजेड ने अगले दिन 6 जनवरी को कपल के करीबी सूत्र के हवाले से इस खबर को कन्फर्म किया था। बताया कि जेंडया और टॉम हॉलैंड ने सगाई कर ली है। उसी दिन, यानी 6 जनवरी को ही 'पीपुल' मैगजीन ने भी सूत्र के हवाले से बताया कि 'क्राउडेड रूम' स्टार टॉम हॉलैंड जो खुद भी 29 साल के हैं, कुछ समय से 'ड्यून' की एक्ट्रेस को प्रपोज करना चाहते थे।

### टॉलीवुड

# तृषा के शादी क्यों नहीं की? 11 साल पहले टूटी थी सगाई, विजय से दूरी

तमिल सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस तृषा कृष्णन लगातार सुर्खियों में हैं। 'साउथ इंडिया की क्वीन' कही जाने वाली तृषा ना सिर्फ तमिल और तेलुगू, बल्कि देश की



सबसे महंगी एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। अपने 20 साल से अधिक के करियर में दर्जनों हिट-सुपरहिट देने वाली इस एक्ट्रेस ने 1999 के 'मिस चेन्नई' का ताज जीता था। पांच फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड, तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार और नंदी पुरस्कार जीत चुकीं तृषा 42 साल की हैं। लेकिन, इस उम्र में भी सिंगल हैं। उन्होंने अब तक शादी नहीं की। बीते शुक्रवार को जैसे ही यह खबर आई कि थलपति विजय की पत्नी संगीता सोरनलिंगम ने तलाक के लिए अर्जी दी है, सोशल मीडिया पर तृषा के नाम की चर्चा बढ़ गई। दरअसल, विजय की पत्नी ने अपनी अर्जी में पति पर 'बेवफाई' का आरोप लगाया है। संगीता ने बिना नाम लिए दावा किया कि एक एक्ट्रेस के साथ उनके पति का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर है। इसके बाद से ही अटकलें शुरू हो गईं। विजय के साथ एक बार फिर से तृषा कृष्णन का नाम जुड़ने लगा। सिनेमा की दुनिया, खासकर हीरोइनों की पर्सनल लाइफ और शादी को लेकर कयासबाजी कोई नई बात नहीं है। गॉसिप के बाजार में टॉप एक्ट्रेसेस की उम्र जैसे-जैसे बढ़ती है, कभी सच तो कभी अफवाह, उनकी लव लाइफ को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं शुरू हो जाती हैं। तृषा के साथ भी कुछ ऐसा ही है। उनका नाम पहले भी थलपति विजय से जुड़ा है। इतना ही नहीं, वह कभी राणा दग्गुबाती के साथ अफेयर को लेकर भी चर्चा में रही हैं। वैसे, जहां तक शादी की बात है, तो तृषा की करीब 11 साल पहले 2015 में एक बिजनसमैन के साथ सगाई भी हुई थी।

### भोजपुरी

# पवन पर तंज कसते हुए ज्योति ने शेयर किया ग्लैमरस वीडियो

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह एक बार फिर से पति को निशाने पर लिया है। बता दें कि पति-पत्नी के तलाक का मामला अभी



कोर्ट में है और इसी बीच ज्योति ने अपने पति का नाम लिए बिना उनपर तंज भी कसा है। ज्योति ने कहा है कि उन्होंने दिल को बाजार नहीं बनाया। बता दें कि ज्योति ने अपना नया यूट्यूब चैनल 'ज्योति सिस्टर व्लॉग' लॉन्च किया है। अब ज्योति अपने इस ब्लॉग में दिल खुलकर अपनी जिंदगी के किस्से शेयर किया करेंगी। बता दें कि भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के तलाक का मामला कोर्ट में है। दोनों की शादीशुदा जिंदगी में लंबे समय से तूफान मचा हुआ है। हालांकि, यहां हैरानी वाली बात ये भी है कि पवन सिंह जहां तलाक की गुजारिश कर रहे हैं, वहीं ज्योति आज भी उनका साथ चाहती हैं। हालांकि, ज्योति का कहना है कि अगर उन्हें अलग होना ही है तो उन्हें एलीमनी दी जाए। हालांकि, अब ऐसा लग रहा है कि ज्योति भी मूव ऑन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने अपने एक खूबसूरत वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में खुले बालों में ज्योति बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। उन्होंने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है, 'मुझे अपने ऊपर काफी गर्व है। मैंने दिल को दिल रहने दिया, बाजार नहीं बनाया।' लोगों ने ज्योति की कही इस बात की तारीफ की है। उन्होंने कहा है, 'वाह क्या लाइन कही है आपने।' एक और ने कहा- सही कहा दीदी, सभी लोगों को आप पर गर्व है। वहीं कुछ ने ये भी कहा है कि ये सबसे भैया काबू में नहीं आनेवाले अब।

## लाइफ स्टाइल

### मर्लिन मुनरो से इंस्पायर्ड रहा

लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित 79वें बाफ्टा अवार्ड्स में रेड कारपेट पर आलिया भट्ट के लुक ने महफिल ही लूट ली। आलिया ने अपने इस लुक के लिए इंस्पिरेशन हॉलीवुड की लीजेंड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से ली है। आलिया भट्ट ने बाफ्टा अवॉर्ड में सिल्वर मेटैलिक कलर की शिमरी ड्रेस पहनी थी। एक्ट्रेस ने लाइट मेकअप किया था और बालों को खुला रखा था। वह बिल्कुल हॉलीवुड के गोल्डन एरा की एक्ट्रेस नजर आ रही थीं।



# शादी या अन्य समारोह में पहन सकती हैं आकर्षक व स्टाइलिश ब्लेजर

शादी या अन्य समारोह में महिलाओं की पोशाकों का चयन करना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है। खासकर जब बात ब्लेजर की हो।

ब्लेजर न केवल आपके लुक को स्टाइलिश बनाता है बल्कि आरामदायक भी होता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे ब्लेजर स्टाइल्स के बारे में बताते हैं, जो शादी या अन्य समारोह में पहनने के लिए बेहतरीन हैं और आपको खास महसूस कराएंगे।

**सेक्विन बेल्जर :** सेक्विन ब्लेजर हमेशा से ही फैशन में रहे हैं। ये न केवल आपको आकर्षक दिखाते हैं, बल्कि रात की रोशनी में भी आपका लुक खास बनाते हैं। आप इसे किसी साधारण टॉप या शर्ट के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ ही हल्की एक्सेसरीज पहनें ताकि आपका लुक बहुत बनावटी न लगे और आप स्टाइलिश दिखें। इस तरह का ब्लेजर आपके पूरे लुक को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा और आपको सबसे अलग दिखाएगा।



**वेलवेट ब्लेजर :** वेलवेट ब्लेजर वर्तमान में चल रही हल्की ठंडक के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसकी नरम बनावट और गहरे रंग इसे खास अवसरों के लिए उपयुक्त बनाते हैं। आप इसे किसी भारी कढ़ाई वाले लहंगे या साड़ी के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ ही हल्की एक्सेसरीज पहनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे और आप आरामदायक महसूस करें। वेलवेट ब्लेजर न केवल आपको गर्म रखता है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाता है, जिससे आपका पूरा पहनावा खास बनता है।

### एम्ब्रॉयडरी ब्लेजर

एम्ब्रॉयडरी ब्लेजर हमेशा से ही भारतीय शिल्पकला का हिस्सा रहे हैं। ये न केवल देखने में सुंदर लगते हैं, बल्कि पहनने पर भी आरामदायक होते हैं। इन्हें किसी भारी कढ़ाई वाले लहंगे या साड़ी के साथ पहना जा सकता है। इसके साथ भी हल्की एक्सेसरीज पहनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे और आप आरामदायक महसूस करें। इस तरह का ब्लेजर आपके पूरे पहनावे को एक नई पहचान देता है और आपको सबसे अलग दिखाता है।

### सिंगल कलर ब्लेजर

एक ही रंग के अलग-अलग शेड्स में पहने जाने वाले कपड़े कभी पुराने नहीं होते। आप सफेद या काले रंग का मोनोक्रोम ब्लेजर चुन सकती हैं और इसे किसी समान रंग की स्कर्ट या पैंट्स के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ हल्की एक्सेसरीज रखें ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और आप स्टाइलिश दिखें। इस तरह का ब्लेजर आपके पूरे पहनावे को एक नई पहचान देता है और आपको सबसे अलग दिखाता है।

# वसंत के लिए बेहतरीन हैं डिजाइनदार आकर्षक कुर्ते, दिल जीतने में हैं सक्षम





फैशन

वसंत में मौसम सुहावना हो जाता है, लेकिन तापमान में उतार-चढ़ाव आने लगते हैं। ऐसे में सही कपड़े पहनना बहुत जरूरी है, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हो। इस मौसम के लिए कुर्ता एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। कुर्ता न केवल आपको ठंडक देता है, बल्कि इसमें आप अलग-अलग रंगों और डिजाइनों के साथ प्रयोग कर सकते हैं। आज के फैशन टिप्स में वसंत के लिए तरह के कुर्तों के विकल्प जानिए।

**हल्के रंगों के कुर्ते :** वसंत ऋतु में हल्के रंगों के कुर्ते सबसे अच्छे लगते हैं। हल्के गुलाबी, नीले या हरे जैसे रंग इस मौसम के लिए उपयुक्त होते हैं। ये रंग न केवल आपको ताजगी का एहसास देंगे, बल्कि धूप में भी आपको ठंडक पहुंचाएंगे। इसके अलावा हल्के रंगों के कुर्ते पहनकर आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं। इन रंगों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आपकी त्वचा के रंग से मेल खाते हों।

**प्रिंटेड कुर्ते :** प्रिंटेड कुर्ते इस मौसम में बहुत चलन में रहते हैं। फूलों वाले डिजाइन या अन्य आकृतियों के प्रिंट आपके लुक को खास बना सकते हैं। ये प्रिंट न केवल स्टाइलिश लगते हैं, बल्कि इन्हें पहनकर आप भीड़ से अलग महसूस कर सकती हैं।

**शाही अंदाज के लिए रेशमी कुर्ते :** अगर आप कुछ शाही अंदाज चाहते हैं तो बनारसी सिल्क जैसे रेशमी कुर्ते आपके लिए सही विकल्प हो सकते हैं। इनकी जरी की कारीगरी और चमकदार कपड़ा इस्तेमाल किया जाता है, जिससे आप किसी भी खास मौके पर आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं। रेशमी कुर्ते खासतौर पर शादी-ब्याह या अन्य उत्सवों में पहने जाते हैं। इनकी खासियत यह है कि ये न केवल देखने में सुंदर लगते हैं, बल्कि इन्हें पहनकर आप बहुत आरामदायक महसूस कर सकती हैं।

**हाथ से की गई कढ़ाई वाले कुर्ते :** हाथ से की गई कढ़ाई वाले कुर्ते पारंपरिक कला को दर्शाते हैं और इन्हें पहनकर आप अपने लुक को खास बना सकती हैं। ये कुर्ते न केवल सुंदर लगते हैं, बल्कि इनमें कढ़ाई भी बारीकी से की जाती है, जिससे उनका आकर्षण बढ़ जाता है। हाथ से की गई कढ़ाई वाले कुर्ते पहनकर आप किसी भी अवसर पर अलग नजर आएंगी और आपकी पारंपरिक कला की सराहना होगी।

**खादी के कुर्ते :** खादी भारतीय संस्कृति की पहचान मानी जाती है, इसलिए खादी के कपड़े पर्यावरण अनुकूल होते हैं। इन्हें पहनकर आप स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दे सकती हैं और ठंडक महसूस कर सकती हैं। खादी के कुर्ते हर मौसम में आरामदायक होते हैं और इनमें अलग-अलग रंगों का चयन किया जा सकता है। इन सभी विकल्पों को ध्यान में रखते हुए आप वसंत ऋतु में अपने कपड़ों को स्टाइलिश बना सकती हैं।

# त्योहारों पर महिलाएं इन तरीकों से स्टाइल करें धोती पैंट, मिलेगा ट्रेंडी और अलग लुक

धोती पैंट का चलन इन दिनों बहुत बढ़ गया है। यह पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन मेल है। इस प्रकार की पोशाक न केवल आरामदायक होती है, बल्कि आपको एक खास लुक भी देती है। धोती पैंट को सही तरीके से पहनने से आप किसी भी मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप धोती पैंट को अच्छी तरह स्टाइल कर सकती हैं।

**कुर्ता के साथ धोती पैंट :** धोती पैंट के साथ कुर्ता पहनना एक बेहतरीन आउटफिट होता है। इससे आपका लुक पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन मेल लगेगा। आप किसी भी रंग का कुर्ता चुन सकती हैं, जो आपकी धोती पैंट के रंग से मेल खाता हो। यह स्टाइल आपको एक शाही अंदाज देगा और हर किसी की नजरें आपकी ओर खिंचेंगी। इसके अलावा आप कुर्ते की लंबाई और डिजाइन पर भी ध्यान दें, ताकि यह आपके पैंट के साथ अच्छा लगे।



### ब्लाउज के साथ धोती पैंट

ब्लाउज के साथ धोती पैंट पहनना भी एक अच्छा निर्णय हो सकता है। इससे आपको एक अलग लुक मिल जाएगा और आप भीड़ में चमकेंगी। आप किसी भी तरह का ब्लाउज चुन सकती हैं, चाहे वह डिजाइनर हो या फिर कोर्सेट वाला। ब्लाउज की फिटिंग पर खास ध्यान दें, ताकि वह आपके शरीर पर अच्छी तरह से बैठे। इसके साथ आप हल्के गहने पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएंगे।

### लहंगा स्टाइल धोती पैंट

अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं तो लहंगा स्टाइल धोती पैंट पहनें। इसमें आप लहंगा की तरह कीलिंग्स का उपयोग कर सकती हैं, जो आपकी धोती पैंट को एक नया रूप देगा। इस तरह की पोशाक पहने हुए आप न केवल आकर्षक दिखेंगी, बल्कि सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित होगा।

# पुरुषों के लिए पारंपरिक डिजाइन वाली शानदार डेनिम जैकेट हैं बेहतरीन

डेनिम जैकेट पुरुषों के फैशन का अहम हिस्सा बन चुकी हैं। ये न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि स्टाइलिश लुक भी देती हैं।

पारंपरिक डिजाइन वाली डेनिम जैकेट की खासियत यह है कि इन्हें कई तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको 4 तरह की पारंपरिक डेनिम जैकेट के बारे में बताएंगे, जो आपके कपड़ों को नया अंदाज देंगी और आपको हर मौके पर स्टाइलिश दिखाएंगी।

**गहरे रंग की डेनिम जैकेट :** गहरे रंग की डेनिम जैकेट हमेशा से ही पसंदीदा रही हैं। ये न केवल आपको ठंड से बचाती हैं, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाती हैं। गहरे नीले या काले रंग की डेनिम जैकेट को आप किसी भी पोशाक के साथ



पहन सकते हैं। इन्हें जींस या चायनीज पैंट, दोनों के साथ पहना जा सकता है। यह मेल आपको एक स्मार्ट और आकर्षक लुक देगा, जो हर मौके पर आपको स्टाइलिश दिखाएगा।

**कढ़ाई वाली डेनिम जैकेट :** कढ़ाई वाली डेनिम जैकेट में एक अलग ही आकर्षण होता है। इन पर की गई कढ़ाई पहनने वाले की व्यक्तित्व को उभारती है और सबसे हटके लुक प्रदान करती है। आप इसमें फूलों की कढ़ाई, ज्योमेट्रिक पैटर्न या किसी खास डिजाइन का चयन कर सकते हैं।


**पैच वर्क वाली डेनिम जैकेट :** पैच वर्क वाली डेनिम जैकेट युवा पीढ़ी में बहुत पसंद की जा रही हैं। इनमें अलग-अलग रंगों और आकारों के पैच लगाकर एक नया अंदाज दिया जाता है। ये जैकेट न केवल देखने में अच्छी लगती हैं, बल्कि पहनने में भी आरामदायक होती हैं। आप इनमें अपने पसंदीदा रंगों और डिजाइन का चयन कर सकते हैं, जिससे आपका लुक और भी खास बनेगा। आप अपनी पसंद के प्रिंट का पैच वर्क बनाकर जैकेट पर लगा सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### गहनों का सही चयन और उपयोग आपको आत्मविश्वास और आकर्षण दोनों दे सकता है

# महिलाओं के लिए गहनों को स्टाइल करने के आसान तरीके, दिखेंगी सबसे अलग

गहने महिलाओं के लुक को और भी खास बना सकते हैं। सही तरीके से गहनों को पहनना एक कला है, जो आपके पूरे लुक को निखार सकता है। चाहे आप रोजमर्रा के कामों में हों या किसी खास मौके पर, गहनों का सही चयन और उपयोग आपको आत्मविश्वास और आकर्षण दोनों दे सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी सुझाव देंगे, जिससे आप अपने गहनों को सही तरीके से स्टाइल कर सकें।



### रोजमर्रा के कामों में गहनों का उपयोग

रोजमर्रा के कामों में गहनों का उपयोग करते समय आराम और स्टाइल दोनों का ध्यान रखना जरूरी है। हल्के झुमके या पतले कड़े आपके लुक को निखार सकते हैं बिना किसी असुविधा के। सोने या चांदी के छोटे गहने हमेशा सुरक्षित विकल्प होते हैं, जो हर पोशाक के साथ मेल खाते हैं और आपको सुंदर दिखाते हैं। इन गहनों को पहनकर आप अपने दिनचर्या के कामों में भी आत्मविश्वास से भरी महसूस करेंगी।

### ऑफिस लुक के लिए क्या चुनें

ऑफिस लुक के लिए गहनों का चयन करते समय सरलता और सुंदरता का ध्यान रखना चाहिए। एक पतली चेन वाला पेंडेंट या छोटी बालियां आपके ऑफिस लुक को पेशेवर और स्टाइलिश बनाते हैं। इसके अलावा कलाई घड़ी भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो आपको समय देखने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाएगा।

### पार्टी में चमकें

पार्टी में चमकने के लिए आप स्टेटमेंट ईयररिंग्स या चमकदार नेकलेस का चयन कर सकती हैं, जो आपके कपड़ों के साथ मेल खाता हो। अगर आपकी पोशाक पहले से ही भारी कढ़ाई वाली हो तो हल्के गहने चुनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे। इसके अलावा आप पतली चेन या कंगन भी जोड़ सकती हैं, जो आपके पूरे लुक को और भी खास बनाएगा। इन सुझावों से आप हर पार्टी में आकर्षक दिख सकती हैं।



### शादी-ब्याह में दिखें खास

शादी-ब्याह के मौके पर भारी गहनों का उपयोग करना चाहिए, जो आपकी पोशाक के साथ पूरी तरह मेल खाता हो। बड़े नेकलेस सेट या बड़े झुमके आपके लुक को शाही अंदाज देंगे। इसके अलावा हाथों में कंगन या चूड़ियां भी जोड़ सकती हैं, जो आपको और भी खूबसूरत बनाएंगी। इन भारी गहनों को पहनकर आप शादी-ब्याह में खास दिख सकती हैं और सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकती हैं।